बाबरी मस्जिद गिराने से हिन्दुस्तान की रूह को धक्का लगा है। हम भी इस बात को मानते हैं। लेकिन आप लोग भूल गए कि इससे बड़ा जुल्म हमारे साथ 1984 में हुआ, इससे आठ साल पहले हुआ। क्या दरबार साहब से बड़ा ऐतिहासिक स्थान इंडिया के पास है जहां हम अल्लाह और राम का नाम जपते हैं? सर, गोल्डन टेम्पल तो कोई disputed place नहीं थी, वहां कोई झगड़ा नहीं था। यहां तो कहते हैं कि कारसेवक गए, वहां कौन गया? आपकी फौज! टैंक गए! वह सब किसने भेजा? भारत सरकार ने! उसका कोई नाम ही नहीं लेता। भाइयो, हिन्दुस्तान के इतिहास में, साठ साल की history में, या अहमद शाह अब्दाली ने पहले ऐसा किया था या कांग्रेस ने अपने राज में किया है। उसके बारे में कभी कोई कहने को भी तैयार नहीं है कि यह गलत हुआ है। मैं वही कहता हूं कि जब घर में लगे तो आग, बाहर लगे तो बसंत। अगर आप यहां पर यह डिसकस कर रहे हो कि यह गलत हुआ है तो जो गलती आपने की, उसको आप सुनने को, कहने को और देखने को भी तैयार नहीं हैं। मैं तो बड़ा मशकूर हूं कि इस बात को 25 साल हो गए, लेकिन हमें तो हाउस में कहने का भी टाइम नहीं मिलता। आज दो दिन हो गए हैं, आप मस्जिद की बात कर रहे हैं लेकिन 25 साल पहले जो गोल्डन टेम्पल पर हमला हुआ, सैकड़ों लोग मारे गए और उसके बाद जो दिल्ली में हमारे साथ कत्ले-आम हुआ, ऐसा लगा कि हम देशवासी हैं ही नहीं। ये कल two-nations theory की बात कह रहे थे। मैं history की बात आपके सामने बताना चाहता हूं। अंग्रेजों के राज में three-nations theory थी, सिखों के लिए रिज़र्वेशन थी। हमारे लिए असेम्बली में, पार्लियामेंट में सीटें रिज़र्व थीं। हिन्दू, मुस्लिम, सिख - तीनों कौमें मानी गयी थीं लेकिन हम हैं जिन्होंने, जब हिन्दुस्तान आज़ाद हुआ, तब हमने कहा कि we will go with India. पाकिस्तान ने हमें क्या ऑफर किया लेकिन हम सब कुछ ठुकराकर, सारा घर-बार छोड़कर हिन्दुस्तान में आए। लेकिन जो हमारे साथ किया गया, वह आपके सामने है।

ये मैंने जो मिसालें दी हैं, वे आपके सामने हैं। एक बात और मैं आपसे कहता हूं कि हम सब जब हिस्ट्री पढ़ते हैं तो हिस्ट्री की सच्चाई को भी समझा जाए कि बाबर कौन था? बाबर के बारे में अगर कोई किताब पढ़नी है तो वह गुरुनानक पढ़ो। Guru Nanak was contemporary to Babar. Guru Nanak was born in 1469. और गुरुनानक की वाणी गुरू ग्रन्थ में दर्ज है। authenticated, signed by our Guru. उसमें दो शबद हैं बाबर के बारे में। पहला है :

पाप की जंज ले काबुलो धाया, जोरी मंगे दान वे लालो।।

Marriage party of sin invaded from Kabul गुरुनानक ने यह लिखा है - marriage party of sin, काबुल से लेकर बाबर आया, और जितना उसका जुल्म है, मेरे पास तीन शबद भरे पड़े हैं कि कैसे औरतों की बेइज्जती हुई, कितने हजारों लोग मारे गए, यह सब बाबर का जिक्र गुरुग्रन्थ साहब में बहुत कम्पलीट दिया हुआ है। और यह भी लिखा है........(व्यवधान)

श्री एस0एस0 अहलुवालिया :

खुरासान खसमाना किया हिन्दुस्तान डराया।।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Please conclude. ..*(Interruptions)*..

सरदार तरलोचन सिंह : जब इतनी मार पड़ी तो गुरुनानक देव जी ने गॉड को कहा :

"ऐसी मार पयी कुरलाणे तैं कि दर्द नी आया।।"

हे रब, इतने लोग मर रहे हैं, तुझे क्या इसका दर्द नहीं है कि हिन्दुस्तान में क्या हो रहा है। और इसके बाद.....(व्यवधान)

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Please conclude.

सरदार तिरलोचन सिंह : उसमें एक और शबद है, उसमें लिखा है -

काया कप्पड़ टुक टुक होसी

हिन्दुस्तान समाल्सी बोला।।

यह ऐसी बाणी हैं मैं तो समझता हूं कि बाबर के नाम पर हिन्दुस्तान में अगर कोई चीज है तो हमारे लिए शर्म की बात है। बाबर और औरंगज़ेब दो जुल्मकार थे। अकबर की आप तारीफ करते हैं, अकबर को मान्यता देते हैं। अकबर खुद अमृतसर गया जहां गोल्डन टेम्पल की जगह है। अकबर ने इसको दान किया है। इस प्रकार हमने अकबर की जगह पर भी गोल्डन टेम्पल बनाया। लेकिन औरंगजेब और बाबर ऐसे दो जालिम हिन्दुस्तान की हिस्ट्री में हैं, जिनका हम जितना जिक्र करें, थोड़ा है। उनके नाम पर हिन्दुस्तान में अगर कोई जगह है तो वह हमारे लिए नफरत की बात है।

SHRI VIRENDRA BHATIA: Sir, our party time. ..*(Interruptions)*..

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): We will try to accommodate everybody. ..*(Interruptions)*.. Shrimati Jayanthi Natarajan.

SHRI VIRENDRA BHATIA: Sir, what about our party time? ..*(Interruptions)*..

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P. J. KURIEN): The problem is that your party is left with zero minute, and their party has still some time. What can I do? I have to go by that. After the party's time is exhausted, we will try to accommodate. They have still some time left, but your party has zero minute. What can I do? Hon. Minister took your party's time. What can I do? I allowed your party more time, but the Minister took your party's time.

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN: Sir, I understand the feelings being expressed by my hon. colleagues. We have heard at great length many eminent speakers who spoke on this subject. I think all of us also read the contents of the Liberhan Report. The newspapers, the media and everything has been filled with the stories about the Report. However, Sir, I rise to speak because I don't want to tread the same round that has already been tread by the speakers before me. ..*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): After your speech, you have to come to the Chair. Therefore, you finish in ten minutes, maximum twelve minutes.

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN: I can assure you that I will try to be as brief as possible. The only reason I stand here as a Member of the House and as a citizen of India is because of two important issues that shocked my conscience and the conscience of so many people and so many of my fellow countrymen and women after the Liberhan Report was tabled in this House. Sir, the Leader of the Opposition made an extremely long speech to which all of us listened with rapt attention. He held us enthralled. There was joke after joke. And, while admitting the forensic capacity of the Leader of the Opposition and his total and absolute right to tear this

Report apart, I felt very hurt that such an important issue was being treated in the manner of a joke by the Leader of the Opposition, and in consequence, by all the Members of the House. I did not and do not see anything remotely funny about the Liberhan Report, about the issue which it addressed. Yes, we may have differences of opinion. People have spoken about the leakage. Venkaiah Naiduji gave us a very long lecture about his concept of Hinduism. As a Hindu, I am proud to reject his concept of Hinduism. Venkaiahji gave us a long lecture about it. The Leader of the Opposition cracked many jokes about it. But, did any of them address the heart of the matter, the crux of the matter, and that is about two things? One, there was a breach of law. There was a breach of rule of law that binds this country and this Constitution together. And number two, this Report is the documentation of what is really a symbol, an emblematic of monstrous political immorality. Sir, let us not forget, while we laugh at the Report and while we laugh at all extensions that have been admittedly wrong, and before going any further, I would like to suggest to the Government that it brings a law to amend the Commissions of Inquiry Act limiting the number of extensions that any commission of inquiry can get so that whichever report is being tabled, will be tabled within the relevant time and not after 17 years. So, I too agree that Justice Liberhan could have given the Report at a much earlier time, and there should be a time limit on the number of extensions which can be given.

Sir, unfortunately, hiding behind all these ridicule and all this humour and all this forensic analysis, this Report is the only documentation, only proper full documentation and inquiry into who pushed the Indian Republic to the brink in 1992. It was the brink of communal discord and disharmony. This contains invaluable and incriminating evidence which both, State and society, have to address if such incidents are never to happen again. Sir, if we go into the Report, the crucial question, the heart of the Report is this, "Institutions which are sworn to uphold the Constitution of India, institutions which are sworn to uphold the rule of law in this country, were compromised from inside by treacherous individuals who found their way inside the State into Constitutional offices and working inside the State, they conspired with those working from outside, joined together and attempted to completely destroy the edifice of our State, the fabric of our society and the unity and integration of our people." This, to me, Sir, is absolutely monstrous and violative of the rule of law and this Report is the only documentation we have of one incident which will be forever to India's shame, symptomatic of a time when solemn institutions under the Constitution were misused by people to furthering their political agenda of their own parties working along with people outside to destroy the very Constitution that they had sworn to uphold. Sir, after all, we must remember that unless we set right the challenge from within, the challenge that besets us, the cancer of divisiveness and communal disharmony that besets us, this country can never join as one to beat the challenge from outside. Sir, please remember many-many instances were raised, but to me, the most poignant instances that were raised of how the entire State was suborned — and Mr. Sibal made a mention of this — to the private agenda of a few unscrupulous people and how that entire pattern was repeated again.

We must never forget this. We must never forget that those people who said, during the demolition of that disputed structure, "बड़ी खुशी की बात है, पुलिस हमारे साथ है।" In 2002, in Gujarat, the same slogan was raised, "यह अंदर की बात है, पुलिस हमारे साथ है।"

So, the important issue that I would like to raise before you is that while we talk at great length about those political parties and those individuals who challenged this system, we must also remember that five IAS officers, five IPS officers have also been named. And, then, we should look at those individuals from within the system who helped the political masters to achieve this end. So, when we talk about rule of law, we are proud of the fact that India has stood, all these centuries, all these years, as a unique civilization. We stand for our democracy. We stand for the principles of our democracy. Our proudest achievement is the fact that we uphold the rule of law, time and again. And, if that rule of law is challenged from within, if the entire State and the rule of law is suborned to a private agenda in this way, then, that is the single greatest blot upon our democracy, something, which we can never erase. This report, Sir, is the final documentation of what happened on that day, that is, 6th December, 1992, and, that is something this House must take with the greatest seriousness, and, not something that we should joke about or laugh about. Merely pointing out forty bloomers, which the Leader of Opposition pointed out, does not take away the fact that the rule of law was thoroughly thwarted, thoroughly destroyed and the conscience and soul of India died for a few moments on that day. It was not only a betrayal. Mr. Venkaiah Naidu was talking about how every single person in the world said that it is not a conspiracy.

My question is, and, this is the question which my colleagues have also raised, where did the arms descend from, how did the mobilisation take place, how did people know how to get there, where did those pickaxes and weapons of destructions arrive from. So, to say that it was not a conspiracy is something that would be not, in the least, fooling the most credulous of persons, both within and outside the House. We do not need even the Liberhan Report. We all know very well what the BJP and the RSS did on that day. Sir, I only have two more points to make and, after that, I will conclude. Please don't look at me like that, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): After that, you have to come to this Chair.

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN: You were not so harsh to the others. *(Interruptions)* I want to point out that even for the sake of arguments, whatever are the arguments of BJP, but, while speaking, even today in the House — except the Leader of the Opposition, who wisely stayed away from it — the BJP, or, the Members sitting on the other side of the House, are still justifying that act. They have mixed feelings about the entire situation, and, therefore, it is that, at that point of time, their leader led, what was known as a 'chariot of fire', a *Rath Yatra*, a 'chariot of hate' which in its wake had more than 306 communal incidents and many people

3.00 P.M.

killed, who created this entire conflagration leading right up to the day when Vajpayee *ji also* spoke on that spot. Sir, the fact of the matter is that Mr. Vajpayee is being used by the BJP in the Lok Sabha and at other places as an excuse to get away from the debate, to divert attention from the real issue as to what happened on that day, what happened not just to the *Babri Masjid,* what happened to the rule of law on that day, what happened to the solemn oath of the Chief Minister of Uttar Pradesh to protect the Constitution, what happened to the oath that he gave to the National Integration Council, what happened to the affidavit which he filed before the Supreme Court of India. I would like to remind the House of incident when Mahatma Gandhi was leading a Non-cooperation Movement in Chauri Chaura. When the police station was burnt down, how did the Mahatma respond? He called off the Non-cooperation Movement and went on a fast. He did not have to do it. His call for the Non-cooperation Movement was non-violent. He had not targeted any building, public or private, and, had no desire to do physical harm to anybody or any individual, and, yet, even a small aberration, one for which Gandhi*ji* or the leadership of the Congress were in nowhere responsible, was enough for him to accept the moral responsibility and call off an entire political movement, Sir. Mr. Vice-Chairman, that is why, this country worships and can never forget the Mahatma.

Contrast this with the BJP whose movement on Ayodhya demonised an entire community, an entire community which is very much a part of our country, who are our brothers here; contrast this with the BJP, which targeted the monument and called for its destruction. What was the expression that Mr. Advani*ji* used for the Babri Masjid at that time? *(Time-bell)* I will only take one minute. An ocular provocation, a scar on the psyche, and, yet, when the monument was demolished, the same person changed his tune. No, no, I am not responsible. No, no, there was no conspiracy. 'There was no plan to damage the mosque. This is the saddest day of my life.' And what did he do a few months later? Jinnah is the shining example of secularism. This is the man you people are now trying to call a hero. And this is the man you people are now trying to justify as somebody who championed the cause of democracy. All I can say is, Sir, that the country and I can marvel at this two-facedness.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Okay.

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN: Sir, one more minute. Sir, instead of having the courage, Mr. Venkaiah Naidu was pleading with us to declare what our point of view is. Our point of view is very clear. We are not pseudo-moderates. We believe in secularism and our secularism is very clear: Equal respect for all religions. We are not what Justice Liberhan called 'pseudo-moderates.' But every time we asked the BJP what happened at the Babri Masjid; why did you demolish it; why did you challenge the rule of law; why are you guilty of this monstrous political immorality; they seek to turn the debate on its head and ask us: Do we believe in Ram? They accused us of being irreligious.

All I can say is, Sir, that for us, religion is personal. I am a Hindu. I don't have to justify my Hinduism to anybody over here. I am ashamed that the BJP and the RSS and their leaders claim

to speak for those Hindus who believe in non-violence, who believe in Mahatma Gandhi, who believe in the Constitution of India, and who believe that this country and this fabric should stay united. This is the Hinduism that we believe in, and this is the nationalism that we believe in. Not the nationalism of the BJP.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Okay.

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN: Sir, you gave Venkaiahji so much time. Let me say only one more sentence.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Your party has five more speakers. What can I do? *(Interruptions)* Your party has fielded more speakers. Where is the time? Will I get time from heaven?

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN: Sir, I promise to finish it in one or two minutes. Sir, I just want to read a small quotation. This is not from any Congress person. This is from the man who was then the Law Minister in the Government led by the BJP. He wrote this in *The Indian Express* on October 16, 1990.

Mr. Ram Jethmalani says, "The Indian Penal Code makes it a serious criminal offence to pull down any place of worship. It is no defence in law that the place of worship was constructed five hundred years ago on the site of another demolished place of worship belonging to the community of the accused. The throngs that threaten to converge on Ayodhya and pull down the mosque will in the eye of law be an unlawful assembly determined to commit offences of mischief, criminal trespass, and wounding of religious feelings.

"The time bomb is ticking away. The nation will not emerge stronger but weakened and debilitated beyond measure. When the time bomb explodes communal harmony and national integration will be the prime casualties. Mr. L. K. Advani has sworn to uphold the law and the Constitution. While he will lead the assembly of law-breakers what does he expect the U.P. Government to do? The police force is statutorily committed to neutralise the marching hordes even though composed of Swamies, Acharyas and other respectable political leaders. There is no loophole or ambiguity in the law.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Okay. No.

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN: Sir, this is the man who was the Law Minister. Sir, one more sentence and then I will finish. I have to say one more sentence. Just give me one more minute. I will sit down the moment you will ask me to sit down after that.

Sir, the issue is not who is a Hindu or whether a temple existed before the mosque or all the history lessons that we got from the other side. These are incidental issues which have nothing to do with the present debate. The issue here is deliberately and provocatively breaking the law and that is why the BJP will be forever in the dock on December 6.

Shri Amar Singhji is sitting here. I have to say one word about him. Let me say one word about him. When he spoke I listened to him with great interest. But I would just like him to explain to the House not now, not by interrupting me, but after it is all over. Why then did he

hold hands with Mr. Kalyan Singh who demolished it and who proudly said, 'I have no shame and I have no remorse'? He said, 'it is a balloon.' Why did his party go with Mr. Kalyan Singh? Why did they lose the UP election? That is the big explanation that he owes to the people of this country.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): That is all.

SHRI AMAR SINGH: Sir,..*(Interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): She said, 'later, not now.' No, please. *(Interruptions)*

SHRI AMAR SINGH: Sir, I will not take more than one minute.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): I will give you time.

SHRI AMAR SINGH: Sir, please.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): I will give you. *(Interruptions)* Jayanthiji, you have to do the same job here.

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN: Sir, I have only two sentences.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Where is the time?

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN: Sir, commitment to secularism of many people is something that is totally hypocritical and politically expedient. These are power hungry people, desperate to do anything to come to office. They were complex about my Party, the Congress, because my Party does not compromise on basics and core values. We would rather sit in the Opposition than tie up with the forces of bigotry.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): That's all.

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN: Sir, the BJP will never understand India, our India, which is plural, united and secular.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): No, no.

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN: Sir, you took all my time. So, I think, you should stay in the Chair now.

श्री अमर सिंह : सर, इन्होंने मेरा नाम लिया है, मैं एक मिनट में स्पष्ट कर दूँ। लगता है कि मैं हिन्दी में बोलता हूँ, तो जयन्ती जी की समझ में नहीं आता है। मैंने कल ही कह दिया था कि मुझसे गलती हुई ...(व्यवधान)...

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन) : हो गया ... **(व्यवधान)** ...

श्री अमर सिंह : मेरी बात सुनिए, और यह भी कहा था कि मैंने कल्याण सिंह जी को जो साथ किया था, उसमें, मैडम, आपकी पार्टी का भी बड़ा हाथ था, क्योंकि जब मेरी पहली सरकार बनी थी, तो उस पहली सरकार में बेनी प्रसाद वर्मा के लड़के राकेश वर्मा भी थे, उसमें आज़म खान भी थे और कल्याण सिंह के घर पर तब कांग्रेस के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल, कांग्रेस लेजिस्लेचर पार्टी के लीडर भी थे ... **(व्यवधान)** ...कांग्रेस की चिट्ठी पड़ी हुई है, समर्थन और हिमायत की।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Shri Mysura Reddy. *(Interruptions)* Shri Mohammed Adeeb. So, Mr. Mohammed Adeeb, you have seven minutes strictly.

श्री मोहम्मद अदीब (उत्तर प्रदेश) : सर, हमारे ऊपर ही गुफ्तगू हो रही है, हम ही 17 साल से sufferer हैं और आप हमें केवल सात मिनट दे रहे हैं।

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन) : सबके लिए यह time limit है, मैं क्या करूँ?

श्री मोहम्मद अदीब : हमारी क़ौम 17 साल से रो रही है और आप कह रहे हैं कि सात मिनट ले लो।

[उपसभाध्यक्ष (श्रीमती जयन्ती नटराजन) पीठासीन हुईं]

मैडम वाइस-चेयरमैन, आज से 17 साल पहले इस पार्लियामेंट के बाहर कुछ दीवाने रो रहे थे और इस मुल्क पर आँसू बहा रहे थे, उनमें से मैं भी एक था। आज 17 साल के बाद मैं इस सदन में हूँ और दो दिन से यह बहस सुन रहा हूँ। ऐसा लगता है कि हम जहाँ 17 साल पहले थे, आज भी वहीं खड़े हैं। आज भी बहस इस पर हो रही है कि कमीशन ने क्या लिखा है और जिन्होंने यह जुर्म किया, वे यह कहते हैं कि कमीशन की रिपोर्ट पढ़िए, इसमें गलतियाँ हैं। वे यह नहीं देखते कि इस मुल्क के परखच्चे उड़ा दिए गए, इस मुल्क का पूरा ताना-बाना भ्रष्ट कर दिया गया, कंस्टीट्यूशन का मज़ाक उड़ाया गया, सुप्रीम कोर्ट की हुक्म-उदूली की गई और उसके बाद इस मुल्क में अगर 1947 में ज़मीन बँटी, तो 1992 में दिलों का बँटवारा किया गया और हम वे लोग हैं, जो निशाने पर आ गए। आज भी यह कहा जा रहा है कि आप सब कुछ बनेंगे। मेरी आपसे यह दरख्वास्त है, इस कमीशन के बारे में, कि इन कमीशनों ने हमारे दिल को छलनी कर दिया है। एक कमीशन, कृष्ण कमीशन, भी आया था। श्रीकृष्ण कमीशन इस अयोध्या के फसाद के बाद का तमाशा था और जिस तरीके से मुम्बई में फसादात हुए थे, उसकी रिपोर्ट आने के बाद जब हुकूमत को अच्छा नहीं लगा, उन लोगों को, जिनकी सरकार थी, बीजेपी और शिव सेना की, तो उस कमीशन की रिपोर्ट को रद्दी की टोकरी में डाल दिया गया। जब इस कमीशन की रिपोर्ट आई, तो कहा गया कि इसको रद्दी की टोकरी में डाल दीजिए। एक और कमीशन बना हुआ है और उसका नाम नानावती कमीशन है। 7 साल हो चुके हैं, 7 साल और लगेंगे। जब उस कमीशन की रिपोर्ट आएगी, तो यह रिपोर्ट की जाएगी कि ये लोग खुद से मर गए, ये मारे नहीं गए। कब तक मजलूमियत में पिसते रहेंगे हम लोग। इस बाबरी मस्जिद के सवाल पर मैं कहना चाहता हूँ कि यह मुद्दा ज़मीन का है कि यह ज़मीन किसकी है। इसका मुकदमा सन् 1949 से चल रहा है। अगर हुकूमत-ए-हिन्द यह चाहती, तो इसका फैसला करवा देती। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस कमीशन की रिपोर्ट में भी बहुत सी चीज़ें छिपाई गई हैं। मैं चन्द चीज़ों की बात करना चाहता हूँ। गुप्ता जी, जो कमीशन के वकील थे, उन्होंने अपने एक मजमून में यह कहा है कि 25 तारीख से 28 तारीख तक आईबी ने खबर दी थी कि अयोध्या में suicide squad के 300 कारसेवक पहुँच चुके हैं, मध्य प्रदेश से 400 कारसेवक अयोध्या की बस्ती में छिप गए हैं और 6 तारीख को वे एक्शन लेंगे। लेकिन कमिशन ने अपनी रिपोर्ट में यह नहीं कहा और उनके जो सहयोगी हैं, उन्होंने अपने मज़्मून में इस बात को लिखा है और हमारे नायडू जी ने कहा कि हम बराबरी की बात करना चाहते हैं। वह कहते हैं कि सबका हक़ बराबर है।

चन्द दिन पहले राहुल गांधी ने अलीगढ़ यूनिवर्सिटी के बच्चों से यह कहा कि तुम भी हिन्दुस्तान के प्राइम मिनिस्टर बन सकते हो, अगर लायक हो तब। लेकिन नायडू जी ने उस पर भी आज परदा डाल दिया और उन्होंने कहा कि प्राइम मिनिस्टर बन सकते हो, अगर राम भक्त हो तब। सैकुलर मुल्क में यह कहा जा रहा है कि तुम प्राइम मिनिस्टर जरूर बन सकते हो, अगर राम भक्त हो तब। अगर आप राम जी का ज़िक्र करें तो हिन्दुस्तान में जब बाबर आए, उसके 13 साल के बाद तुलसीदास जी ने रामायण लिखी और बड़ी तफ़सील से लिखी। एक-एक बात उन्होंने लिखी है और कुछ बातें ऐसी भी लिखी हैं, जो मेरी समझ में नहीं आती हैं। उन्होंने पाक सीता को आग पर चढ़ाने का मंज़र भी लिख दिया, उन्होंने यह भी लिख दिया कि राम ने सीता को किसी के कहने पर छोड़ा था, लेकिन तुलसी साहब का यह ज़ुल्म देखिए कि उन्होंने यह नहीं बताया कि राम जी यहां पैदा हुए थे। उन्होंने अपने उस मज़्मून में यह नहीं लिखा है। रामचरितमानस में तुलसीदास जी ने यह नहीं लिखा है कि बाबर ने उस पर कब्ज़ा कर लिया है।

जब यह क़िस्सा शुरू हुआ था, तब मैं पंडित बिशम्बर नाथ पांडे जी के साथ रहता था और उनको गुरु जी कहता था। उनके साथ मैंने बहुत-सी किताबें पढ़ने की कोशिश की थी। पांडे जी ने एक सॉल्यूशन यह निकाला

कि अगर कोई 400 साल पुराना हिन्दु मन्दिर है, तो उसके पुजारी को बाबरी मस्जिद का ताला दे दिया जाए। मुझे बड़ा ताज्जुब हुआ, जब पंडित बिशम्बर नाथ पांडे जी ने यह कहा कि 400 साल पुराना श्री राम जी का मन्दिर इस जमीन पर कोई भी है। अगर इनकी बात मान ली जाए तब तो मैं यह समझता हूं कि बाबर ने तो एहसान किया है कि ख़ास वह जगह, जहां पर राम जी का जन्म हुआ, उसको अपने गुम्बद में महफ़ूज़ कर दिया। ऐसे में तो मैं समझता हूं इनको यह करना चाहिए कि बाबर का ही एक मन्दिर बनवाएं। जब राम के मन्दिर नहीं थे, उस समय कम से कम उनकी जन्मभूमि को तो उसने बरक़रार रखा। मैं उन चीज़ों में नहीं पड़ना चाहता, लेकिन आपसे चंद बातों का जवाब जानना चाहता हूं।

कल जेटली जी ने यह अल्फ़ाज़ कहे थे कि उमा भारती को भेजा गया था और आडवाणी जी ने उनको भेजा था कि जाओ! उनको रुकवा दो। उमा भारती जी टेलिविज़न पर यह कहती हैं कि हां, मैं लोगों को गुम्बद से उतारने गई थी और इसलिए गई थी कि मैंने मस्जिद में बम रखा हुआ था और मुझे यह ख़ौफ़ था कि जो लोग गुम्बद पर हैं, कहीं वे मर न जाएं। इसलिए भेजा था उन्होंने, लेकिन फिर भी वे कहते हैं कि यह बात ख़ुद-ब-ख़ुद हो गई, हमने नहीं की। इनका यह कहना है कि ..**(समय की घंटी)**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Please conclude.

श्री मोहम्मद अदीब: मैं आपका केवल एक मिनट और लूंगा। कमिशन ने जो बहुत सी बातें की हैं, उन्हीं में कमिशन ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा है कि मुस्लिम तंज़ीमों ने कोई काम नहीं किया। मैडम, आप मुझे बताइए कि एक मुअज्जम सोसाइटी, जो अक़ल्लीयत में हो, वह क्या करेगी? वह सुप्रीमकोर्ट गई, वह पार्लियामैंट गई, National Integration Council में जाकर उसने कहा कि हमारी इस मस्जिद को बचा लीजिए। मसला सिर्फ एक मस्जिद का ही नहीं था, पूरे हिन्दुस्तान में दौरे किए गए और यह कहा गया कि मन्दिर वहीं बनाएंगे, तुम जो कर सकते हो कर लो। माइनॉरिटी यही तो कर सकती थी कि आपके पास आती, माइनॉरिटी के लीडर यही तो कर सकते थे कि सुप्रीमकोर्ट जाते, माइनॉरिटी यही तो कर सकती थी कि इस मुल्क के प्राइम मिनिस्टर और चीफ मिनिस्टर से कहती ...(व्यवधान)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): You have to conclude now.

श्री मोहम्मद अदीब: लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उसके ऊपर भी यह इल्जाम है कि साहब, आप मुसलमानों ने कुछ किया नहीं है। हां, जब बाबरी मस्जिद गिरी, तो हक़ीकत यह है कि मेरी क़ौम को कंधा दिया, मुलायम सिंह यादव ने। यह क़ौम उसके कंधे पर सिर रख कर रोई। और मुझे अफसोस है कि आज मेरे साथी ...(समय **की घंटी)**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Please conclude now.

श्री मोहम्मद अदीब: अमर सिंह जी आज यहां बैठे हैं। मेरे मुअज़्ज़िज़ हैं, लेकिन मुझे बड़ी तक़लीफ के साथ कहना पड़ता है कि जब इन्होंने कल्याण सिंह का साथ दिया, तो हमारे कलेजे फट गए और उस वक्त भी हमने उनसे कहा कि हम मुसलमानों को कल्याण सिंह की वजह से ...(व्यवधान)।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): All right. Please conclude now.

श्री मोहम्मद अदीब: जब हम कल्याण सिंह को देखते हैं, तो बाबरी मस्जिद के गुम्बद पर हमें कार सेवक दिखाई देते हैं। अपनी जिन्दगी में हम यह भूल नहीं सकते हैं और यह हक़ीकत है। अगर ...(व्यवधान)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Are you listening to me? Please conclude now.

श्री मोहम्मद अदीब: बस दो मिनट और दीजिए। अगर आपको इस मुल्क में आगे कुछ करना है, तो मेरी क़ौम को sense of belonging और confidence दिलाइए। उसका सिर्फ एक ही तरीका है। सन् 1997 में ये सब charge sheeted थे, इन सबको सजा दिलाएं और इन लोगों का सोशल और पॉलिटिकल बाईकॉट करें और फिर भाईचारे की बात करें। इन अल्फ़ाज़ के साथ बहुत-बहुत शुक्रिया।

جناب محمد ادیب (اتر پردیش) : سر، ہمارے اوپر ہی گفتگو ہو رہی ہے، ہم ہی 17 سال سے sufferer ہیں اور آپ ہمیں کیول سات منٹ دے رہے ہیں۔

شری اپ سبھا پتی: سب کے لئے یہ ٹائم لمٹ ہے، میں کیا کروں؟

جناب محمد ادیب: ہماری ہماری قوم 17 سال سے ہو رہی ہے اور آپ کہہ رہے ہیں کہ سات منٹ لے لو۔

(شری اپ سبھا ادھیکش (شریمتی جینتی نٹراجن) پیٹھاسین ہوئے)

میڈم وائس چیئرمین، آج سے 17 سال پہلے اس پارلیمنٹ کے باہر کچھ دیوانے ہو رہے تھے اور اس ملک پر آنسو بہا رہے تھے، ان میں سے میں بھی ایک تھا۔ آج 17 سال کے بعد میں اس سدن میں ہوں اور دو دن سے یہ بحث سن رہا ہوں۔ ایسا لگتا ہے کہ ہم جہاں 17 سال پہلے تھا، آج بھی بحث ہو رہی ہے کہ کمیشن نے کیا لکھا ہے اور جنہوں نے یہ جرم کیا ہے، وہ یہ کہتے ہیں کہ کمیشن کی رپورٹ پڑھیے، اس میں غلطیاں ہیں۔ وہ یہ نہیں دیکھتے کہ اس ملک کے پرخچے اڑا دئے گئے، اس ملک کا پورا تانا بانا بھرشٹ کر دیا گیا، کانسٹی ٹیوشن کا مذاق اڑایا گیا، سپریم کورٹ کی حکم عدولی کی گئی اور اس کے بعد اس ملک میں اگر 1947 میں زمین بنٹی، وہیں 1992 میں دلوں کا بنٹوارہ کیا گیا اور ہم وہ لوگ ہیں، جو نشانے پر آ گئے۔ آج بھی یہ کہا جا رہا ہے کہ آپ سب کچھ بنیں گے۔ میری آپ سے یہ درخواست ہے، اس کمیشن کے بارے میں، کہ ان کمیشنوں نے ہمارے دل کو چھلنی کر دیا ہے۔ ایک کمیشن، کرشنا کمیشن، بھی آیا تھا۔ شری کرشنا کمیشن اس ایودھیا کے فساد کے بعد کا تماشہ تھا اور جس طریقے سے ممبئی میں فسادات ہوئے تھے، اس کی رپورٹ آنے کے بعد جب حکومت کو اچھا نہیں لگا، ان لوگوں کو، جن کی سرکار تھا، بی۔جے۔پی۔ اور شیو-سینا کی، تو اس کمیشن کی رپورٹ کو ردی کی ٹوکری میں ڈال دیا گیا۔ جب اس کمیشن کی رپورٹ آئی، تو کہا گیا کہ اس کو ردی کی ٹوکری میں ڈال دیجئے۔ ایک اور کمیشن بنا ہوا ہے اور اس کا نام ناناوتی کمیشن ہے۔ 7 سال ہو چکے ہیں، 7 سال اور لگیں گے۔ جب اس کمیشن کی رپورٹ آئے گی، تو یہ رپورٹ کی جائے کہ وہ لوگ خود سے مر گئے، یہ مارے نہیں گئے۔ کب تک مظلومیت میں پستے رہیں ہم لوگ۔ اس بابری مسجد کے سوال پر میں کہنا چاہتا ہوں کہ

† [ ] Transliteration in Urdu Script.

یہ مدعا زمین کا ہے کہ یہ زمین کس کی ہے۔ اس کا مقدمہ سن 1949 سے چل رہا ہے۔ اگر حکومت ہند یہ چاہتی تو اس کا فیصلہ کروا دیتی۔ لیکن ایسا نہیں ہوا۔ اس کمیشن کی رپورٹ میں بھی بہت سی چیزیں چھپائی گئ ہیں۔ میں چند چیزوں کی بات کرنا چاہتا ہوں۔ گپتا جی، جو کمیشن کے وکیل تھے، انہوں نے اپنے ایک مضمون میں یہ کہا ہے کہ 25 تاریخ سے 28 تاریخ تک آئی۔بی۔ نے خبر دی تھی کہ ایودھیا میں suicide squad کے 300 کارسیوک پہنچ چکے ہیں، مدھیہ پردیش سے 400 کارسیوک ایودھیا کی بستی میں چھپ گئے ہیں اور 6 تاریخ کو وہ ایکشن لیں گے۔ لیکن کمیشن نے اپنی رپورٹ میں یہ نہیں کہا اور ان کے جو سہیوگی ہیں، انہوں نے اپنے مضمون میں اس بات کو لکھا ہے اور ہمارے نائیڈو جی نے کہا کہ ہم برابری کی بات کرنا چاہتے ہیں۔ وہ کہتے ہیں کہ سب کا حق برابر ہے۔

چند دن پہلے راہل گاندھی جی نے علی گڑھ یونیورسٹی کے بچوں سے یہ کہا کہ تم بھی ہندوستان کے پرائم منسٹر بن سکتے ہو، اگر لائق ہو تب۔ لیکن نائیڈو جی نے اس پر بھی آج پردہ ڈال دیا اور انہوں نے کہا کہ پرائم منسٹر بن سکتے ہو، اگر بھکت ہو تب۔ سیکولر ملک میں یہ کہا جا رہا ہے کہ تم پرائم منسٹر ضرور بن سکتے ہو، اگر رام بھکت ہو تب۔ اگر آپ رام جی کا ذکر کریں تو ہندوستان میں جب بابر آئے، اس کے 13 سال کے بعد تلسی داس جی نے رامائن لکھی اور بڑی تفصیل سے لکھی۔ ایک ایک بات انہوں نے لکھی ہے اور کچھ باتیں ایسی بھی لکھی ہیں، جو میری سمجھ میں نہیں آتی ہے۔ انہوں نے پاک سیتا کو آگ پر چڑھانے کا منظر بھی لکھ دیا، انہوں نے یہ بھی لکھ دیا کہ رام نے سیتا کو کسی کے کہنے پر چھوڑا تھا، لیکن تلسی صاحب کا یہ ظلم دیکھئے کہ انہوں نے یہ نہیں بتایا کہ رام جی یہاں پیدا ہوئے تھے۔ انہوں نے اپنے اس مضمون میں یہ نہیں لکھا ہے۔ رام چرت مانس نے تلسی داس جی نے یہ نہیں لکھا ہے کہ بابر نے اس پر قبضہ کر لیا ہے۔

جب یہ قصّہ شروع ہوا تھا، تب میں پنڈت بشمبھر ناتھ پانڈے جی کے ساتھ رہتا تھا اور ان کو گرو جی کہتا تھا۔ اس کے ساتھ میں نے بہت سی کتابیں پڑھنے کی کوشش کی تھی۔ پانڈے جی نے ایک سالیوشن یہ نکالا کہ اگر کوئی 400 سال پرانا ہندو

مندر ہے ، تو اس کے پجاری کی بابری مسجد کا تالا دے دیا جائے۔ مجھے بڑا تعجب ہوا، جب پنڈت بشمبر ناتھ پانڈے جی نے یہ کہا کہ 400 سال پرانا شری رام جی کا مندر اس زمین پر کوئی بھی ہے۔ اگر ان کی بات مان لی جائے تب تو میں یہ سمجھتا ہوں کہ بابر نے تو احسان کیا ہے کہ خاص وہ جگہ، جہاں پر رام جی کا جنم ہوا، اس کو اپنے گنبد میں محفوظ کر دیا۔ ایسے میں تو میں سمجھتا ہوں ان کو یہ کرنا چاہئے کہ بابر کا ہی ایک مندر بنوائیں۔ جب رام کے مندر نہیں تھے، اس وقت کم سے کم ان کی جنم بھومی کو تو اس کے برقرار رکھا۔ میں ان چیزوں میں نہیں پڑنا چاہتا، لیکن آپ سے چند باتوں کا جواب جاننا چاہتا ہوں۔

کل جیٹلی جی نے یہ الفاظ کہے تھے کہ اوما بھارتی کو بھیجا گیا تھا اور ایڈوانی جی نے ان کوبھیجا تھا کہ جاؤ! ان کو رکوادو۔ اوما بھارتی جی ٹیلی ویژن پر یہ کہتی ہیں کہ ہاں، میں لوگوں کو گنبد سے اتارنے گئی تھی اور اس لئے گئی تھا کہ میں نے مسجد میں بم رکھا ہوا تھا اور مجھے یہ خوف تھا کہ جو لوگ گنبد پر ہیں، کہیں وہ مر نہ جائیں۔ اس لئے بھیجا تھا انہوں نے، لیکن پھر بھی وہ کہتے ہیں کہ یہ بات خود بخود ہو گئی، ہم نے نہیں کی۔ ان کا یہ کہنا ہے کہ ۔(وقت کی گھنٹی)۔

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Please conclude.

جناب محمد ادیب : میں آپ کا کیول ایک منٹ اور لونگا۔ کمیشن نے جو بہت سی باتیں کی ہیں، انہی میں کمیشن نے اپنی رپورٹ میں یہ بھی کہا ہے کہ مسلم تنظیموں نے کوئی کام نہیں کیا۔ میڈم، آپ مجھے بتائیے کہ ایک معظم سوسائٹی، جو اقلیت میں ہو، وہ کیا کرے گی؟ وہ سپریم کورٹ گئی، وہ پارلیمنٹ گئی، National Integration Council میں جا کر اس نے کہا کہ ہماری اس مسجد کو بچا لیجئے۔ مسئلہ صرف ایک مسجد کا ہی نہیں تھا، پورے ہندوستان میں دورے کئے گئے اور کہا گیا کہ "مندر وہیں بنائیں گے، تم جو کر سکتے ہو، کر لو"۔ مائنارٹی یہی تو کر سکتی تھی کہ آپ کے پاس آتی، مائنارٹی کے لیڈر یہی تو کر سکتے تھے کہ سپریم کورٹ جاتے، مائنارٹی یہی تو کر سکتی تھی کہ اس ملک کے پرائم منسٹر اور چیف منسٹر سے کہتی ۔(مداخلت)۔

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): You have to conclude now.

جناب محمد ادیب: لیکن ایسا نہیں ہوا۔ اس کے اوپر بھی یہ الزام ہے کہ صاحب، آپ مسلمانوں نے کچھ کیا نہیں ہے۔ ہاں، جب بابری مسجد گری، تو حقیقت یہ ہے کہ میری قوم کو کندھا دیا، ملائم سنگھ یادو نے۔ یہ قوم اس کے کندھے پر سر رکھ کر روئی۔ اور مجھے افسوس ہے کہ آج میرے ساتھی -(وقت کی گھنٹی)-

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Please conclude now.

جناب محمد ادیب: امر سنگھ جی آج یہاں بیٹھے ہیں۔ میرے معزز ہیں، لیکن مجھے بڑی تکلیف کے ساتھ کہنا پڑتا ہے کہ جب انہوں نے کلیان سنگھ کا ساتھ دیا، تو ہمارے کلیجے پھٹ گئے اور اس وقت بھی ہم نے ان سے کہا کہ ہم مسلمانوں کو کلیان سنگھ کی وجہ سے -(مداخلت)-

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): All right. Please conclude now.

جناب محمد ادیب: جب ہم کلیان سنگھ کو دیکھتے ہیں، تو بابری مسجد کے گنبد پر ہمیں کار سیوک دکھائی دیتے ہیں۔ اپنی زندگی میں ہم یہ بھول نہیں سکتے ہیں اور یہ حقیقت ہے۔ اگر -(مداخلت)-

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Are you listening to me? Please conclude now.

جناب محمد ادیب: بس دو منٹ اور دیجئے۔ اگر آپ کو اس ملک میں آگے کچھ کرنا ہے، تو میری قوم کو confidence اور sense of belonging دلائیے۔ اس کا صرف ایک ہی طریقہ ہے۔ سن1997 میں یہ سب charge sheeted تھے، ان سب کو سزا دلائیں اور ان لوگوں کو سوشل اور پالیٹکل بائیکاٹ کریں اور پھر بھائی چارے کی بات کریں۔ ان الفاظ کے ساتھ بہت بہت شکریہ۔

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Shri Rajniti Prasad. You have only seven minutes.

श्री राजनीति प्रसाद : मैडम, मैं इस मसले पर बोलने के लिए खड़ा हूँ। इस पर बोलने के पहले मैं कुछ बातें कहना चाहता हूँ। मस्जिद गिराने का जो मकसद था, उसमें वहाँ कोई मन्दिर बनाने का मकसद नहीं था, बल्कि इस मुल्क को फिरकापरस्ती में डालना और इस मुल्क में कौमी एकता को भंग करने का मकसद था। मामला यह नहीं था कि कौन मस्जिद गिरा रहा है या कौन मन्दिर बना रहा है। मैं उसका उदाहरण पेश करना चाहता हूँ। महोदया, 1989 में शिला-पूजन किया गया। यह कहा गया कि अयोध्या में हम लोग मन्दिर बनाएँगे, एक रुपया और एक ईंट दो। ...(व्यवधान)... ज़रा रुकिए। एक रुपया और एक ईंट दो और ईंट पर चंदन-टीका लगाओ। इस तरह शिला-पूजन किया गया। पूरे मुल्क में कहा गया कि ईंट यहाँ से जाएगी, जो शिला-पूजन करेंगे वही ईंट जाएगी। मैडम, मैं आपसे यह निवेदन करना चाहता हूँ कि इन लोगों ने इतना ही नहीं किया बल्कि पूरे हिन्दुस्तान में एक रथ-यात्रा भी की। हिन्दुस्तान के लोगों को गुमराह करने के लिए, हिन्दुस्तान के लोगों को फिरकापरस्ती में डालने के लिए, हिन्दुस्तान के लोगों को मजहब के नाम पर या राम के नाम पर या रथ-यात्रा के नाम पर लड़ाने के लिए रथ-यात्रा की गई। रथ-यात्रा कहाँ से की गई? रथ-यात्रा सोमनाथ से की गई। रथ-यात्रा किसने की? रथयात्रा आडवाणी जी ने की। आडवाणी जी ने जब रथ-यात्रा शुरु की, तो पूरे देश में खलबली मच गई। एक आदमी ने कहा कि अगर भूख के लिए, बेकारी के लिए या रोजगार के लिए कोई यात्रा करता तब तो बात समझ में आती है, लेकिन रथ-यात्रा राम के मन्दिर को बनाने के लिए की गई। हमारी सरकार यहाँ थी। वहाँ मुलायम सिंह जी नहीं थे बल्कि वहाँ पर कल्याण सिंह बैठे हुए थे। जब रथ-यात्रा की गई, तब लालू प्रसाद यादव जी बिहार के मुख्य मंत्री थे ...(व्यवधान)... रुकिए, मेरी बात सुनिए। ...(व्यवधान)... मैंने करैक्ट कर लिया। मैडम, जब वहाँ रथ-यात्रा की गई, तो उसको लालू प्रसाद यादव जी ने वहाँ पर रोक दिया और कहा कि यह communal रथ-यात्रा है। यह हिन्दू-मुसलमान को मारने वाली रथ-यात्रा है। इस रथ-यात्रा को हम permission नहीं देंगे। वह रथ-यात्रा रोकी गई। यह रथ-यात्रा 1990 में रोकी गई और 1992 में 6 तारीख को वहाँ पर मस्जिद गिराई गई। यह मस्जिद को गिराने का मामला नहीं था, बल्कि हजारों-लाखों कारसेवकों को वहाँ इकट्ठा किया गया। कारसेवकों को वहाँ पर इकट्ठा करके भाषण दिया गया। कहा गया कि यहीं मन्दिर बनेगा, यही बाबर का मस्जिद टूटेगा। यह मस्जिद तोड़ने का मामला नहीं था, बल्कि हिन्दुस्तान में जो हमारे मुसलमान भाई थे, जो हमारे मुस्लिम भाई यहाँ पर रहते थे, जिनकी 20 करोड़ की आबादी थी..। उनके दिल को तोड़ने का काम किया, मस्जिद तोड़ने का काम नहीं किया। मस्जिद तोड़ना एक दिन का काम था, एक घंटे का काम था, लेकिन लगातार दो वर्षों से, तीन वर्षों से पूरे हिन्दुस्तान में कम्युनल माहौल बनाया गया। कम्युनल माहौल बनाकर लाखों आदमियों को वहाँ इकट्ठा किया गया और उसके बाद मस्जिद को तोड़ा गया। मैं आपसे निवेदन करना चाहूँगा कि श्री लालू प्रसाद ने एक जगह अपने भाषण में कहा कि इसकी साथी कांग्रेस भी थी तो हमारे प्रणब जी ने कहा कि अब मैं इनका साथ नहीं दूंगा। मैं यह जानना चाहता हूँ कि जो खून करने वाला खून करता है, उसके साथ जो वहाँ रहता है अगर वह mute spectator है, तो उसको भी हम दोषी मानते हैं, उसको छोड़ते नहीं हैं। कांग्रेस पार्टी को यह बात मालूम थी। कांग्रेस के नरसिंह राव सरकार को यह बात मालूम थी कि वहाँ पर मस्जिद गिरने वाला है, वहाँ पर dome टूटने वाला है, लेकिन वह mute spectator थी। हमारे ख्याल से लिब्रहान कमीशन की रिपोर्ट में इस बारे में कोई बात नहीं कही गई है। मैं आपसे निवेदन करना चाहूँगा इस मुल्क के नाते, इस मुल्क का एक नागरिक होने के नाते मैं यह जानना चाहूँगा कि क्या यह सही है कि हिन्दुस्तान में जो मुसलमान लोग हैं, उनके दिल को दुखाने का काम बीजेपी के लोग करेंगे? श्री लालू प्रसाद ने कहा कि यह बीजेपी पार्टी नहीं है, यह * है, यह बजरंग दल है, यह आरएसएस है, * ..(व्यवधान)

---

*Expunged as ordered by the Chair.

श्री रुद्रनारायण पाणि : यह भारत जोड़ो पार्टी है। ..(व्यवधान)

श्री राजनीति प्रसाद : ये हमें नसीहत देते हैं कि ये राम का मंदिर बनाएंगे, तो क्या हम हिन्दू नहीं हैं? क्या हम लोग मुस्लिम हैं? क्या हम लोग राम को नहीं मानते हैं? राम को पैदा करते हैं। मैं यह जानना चाहता हूँ कि राम वहीं पैदा हुए थे, इसका birth certificate देने का काम क्या बीजेपी के लोग करेंगे? क्या आरएसएस के लोग करेंगे? क्या यही लोग बताएंगे कि राम कहाँ पैदा हुए थे? राम के birth का certificate आडवाणी जी नहीं देंगे, बल्कि हिन्दुस्तान के लोग देंगे। क्या आप certificate देने के लिए यहाँ बैठे हुए हैं? इसलिए मैडम, मैं यह कहना चाहता हूँ कि हिन्दुस्तान में अगर हिन्दुस्तान के संविधान को रखना है, हिन्दुस्तान की अहमियत को रखना है तो इस बीजेपी पार्टी को ban करना पड़ेगा, आरएसएस पार्टी को ban करना पड़ेगा। यह पार्टी हिन्दुस्तान के लायक नहीं है, क्योंकि इसने कौमी एकता को भंग करने का काम किया है, संविधान की आत्मा को मारने का काम किया है। इसने इतना ही काम नहीं किया है, बल्कि मैं तो कहता हूँ कि गांधी जी ..(व्यवधान)

श्री रुद्रनारायण पाणि : *

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती जयन्ती नटराजन) : उन्हें अपनी बात पूरी करने दीजिए।..(व्यवधान).. Let him finish his speech. *(Interruptions)*. I am not allowing it. This will not go on record. *(Interruptions)*.

श्री राजनीति प्रसाद : मैं तो यह कहता हूँ कि महात्मा गांधी को मारने वाले 12 आदमी का नाम था और यहाँ पर ..(व्यवधान)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Please resume your seat. What you are saying is not going on record. No interruptions are going on record. *(Interruptions)*. Please sit down.

श्री रुद्रनारायण पाणि : *

श्री राजनीति प्रसाद : महात्मा गांधी को मारने वाले ...(व्यवधान)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Mr. Prasad, please conclude your speech because your time is over. Interruptions will not go on record. Please resume your seat. Interruptions are not going on record.

श्री रुद्रनारायण पाणि : *

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती जयन्ती नटराजन): प्लीज़, आप बैठ जाइए...(व्यवधान)

श्री राजनीति प्रसाद : हिन्दुस्तान का इतिहास इसका गवाह है कि महात्मा गांधी को मारने वाले 12 आदमी का नाम है और इस रिपोर्ट में हिन्दुस्तान की अहमियत, हिन्दुस्तान के संविधान, हिन्दुस्तान की आत्मा को मारने वाले, संविधान का कत्ल करने वाले, हिन्दू और मुसलमान को लड़ाने वाले 68 और 70 आदमियों का नाम है। ..(समय की घंटी)..

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Please conclude.

श्री राजनीति प्रसाद : उनको भी वही सजा मिलनी चाहिए जो महात्मा गांधी के कातिल को मिली थी। इसलिए आज मैं हाउस से यह निवेदन करना चाहूँगा और इस मुल्क के लोगों को कहना चाहूँगा कि ऐसा कोई अभद्र काम करने वाला - मैं एक अंतिम बात कहना चाहता हूँ कि ....

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती जयन्ती नटराजन): आपका टाइम हो गया है। अब आप समाप्त कीजिए।

श्री राजनीति प्रसाद : मैडम, अगर आप इतना टेंशन देंगी तो कैसे चलेगा?

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती जयन्ती नटराजन) : मैं टेंशन नहीं दे रही हूँ, आपका टाइम टेंशन दे रहा है, मैं क्या करूँ? ..(व्यवधान).. आपका टाइम हो रहा है।

---

*Not recorded.

श्री राजनीति प्रसाद: मैडम, मैं एक अंतिम बात कहना चाहता हूँ ..(व्यवधान)

श्री रुद्रनारायण पाणि : *

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती जयन्ती नटराजन) : आप छोड़ दीजिए, प्लीज़। ..(व्यवधान)

श्री राजनीति प्रसाद : एक अंतिम बात मैं कहना चाहता हूं कि राम का नाम बदनाम किया गया है। राम का नाम बदनाम न करो। ऐ राम के चाहने वालो, राम का नाम बदनाम न करो। राम ने राज-सत्ता का त्याग करके 14 बरस तक बनवास लिया था, राम ने एक आदमी के कहने पर सीता को त्याग दिया था, लेकिन आपने राम का नाम बदनाम किया है। हिन्दुस्तान में राम सचमुच में पैदा नहीं हुए, राम प्रकट हुए थे, एक आदमी ने कहा था। राम तो हमारे दिल में हैं। राम तो जिन्ना से लेकर ...(व्यवधान)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Your time is totally over. Please conclude.

श्री राजनीति प्रसाद : उस वक्त से लेकर राम हमारे मन में हैं। एक बात मैं कहना चाहता हूं अंत में-

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती जयन्ती नटराजन) : कितने अंत हैं?

श्री राजनीति प्रसाद : मेरे अंतिम शब्द हैं कि आपका *राम नाम सत्य* होने वाला है, बीजेपी का *राम नाम सत्य* होने वाला है। मरने के बाद *राम नाम सत्य* किया जाता है, यही आप लोग करेंगे। धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Shri Raashid Alvi...*(Interruptions)* The Congress (I) has a lot of time left. I am calling the Members according to the time left for their party.

श्री राशिद अल्वी (आन्ध्र प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदया, ज़ाहिर है, वक्त कम है बात लम्बी है।

गै़र मुमकिन है कि हालात की गुत्थी सुलझे
एहल-ए-दानिश ने बहुत सोच के उलझाई है

सदी का पांचवां हिस्सा गुजरने के बाद वह दबी हुई आग, जिसके शोले किसी न किसी तरह दबा दिए गए थे, आज एक बार फिर उन शोलों को हवा देने की कोशिश हो रही है। धुआं निकल रहा है, मुझे खतरा है कि वे चिंगारियां, जो दबा दी गई थीं, वे शोला न बन जाएं। उसकी आंच हिन्दुस्तान के कोने-कोने में आज भी महसूस की जा रही है। हिन्दुस्तान देख रहा है कि पार्लियामेंट के अंदर इस मुद्दे पर क्या हो रहा है। पूरा हिन्दुस्तान राज्य सभा और लोक सभा को देख रहा है। लेकिन, मुझे यह भी लगता है कि राजनीति ने जिन लोगों के घरों में अंधेरा कर दिया है, वे इस फिक्र में हैं कि दूसरों के घरों में आग लगाकर इतनी रौशनी पैदा कर दी जाए कि उनकी तारीकी खत्म हो जाए, उनका अंधेरा खत्म हो जाए, उनके घर में रौशनी दोबारा आ जाए। राम जन्म भूमि और बाबरी मस्जिद के इस वाकये से किसी ने सबक हासिल नहीं किया।

मैडम, बाबरी मस्जिद की शहादत हुई। इस हाउस में यहां पर एक राम जन्म भूमि की बात करता है, दूसरा बाबरी मस्जिद की शहादत की बात करता है, तीसरा राम जन्म भूमि - बाबरी मस्जिद को डिस्प्यूटेड स्ट्रक्चर कहता है, इन तीनों बातों से देश के लोग अंदाज़ा कर लेते हैं कि कौन सी पार्टी किस बुनियाद पर वोट हासिल करना चाहती है। कोई मंदिर के नाम पर, कोई मस्जिद के नाम पर। शहादत हुई और लोक सभा के अंदर एक रेज़ोल्यूशन पास हुआ। वे लोग, जो कह रहे हैं कि लिब्रहान कमीशन का कोई मतलब ही नहीं रहा, चलिए मैं आपकी बात मानता हूं, लेकिन यह पार्लियामेंट तो मतलब रखती है। लोक सभा में 17 दिसम्बर को यूनेनिमसली रेज़ोल्यूशन पास हुआ - "The House has, strongly, condemned the demolition of Babri Masjid at Ayodhya at the instigation of forces, represented, among others, by the Vishwa Hindu Parishad, Rashtriya Swayamsevak Sangh and Bajrang Dal." और हाउस ने इसको कंडेम किया। यह बात मैं नहीं कह रहा, यह बात हिन्दुस्तान की पार्लियामेंट कह रही है। आज लिब्रहान कमीशन तो बाद की

*Not recorded.

उनकी उठा-पटक कर रही है। उनके sentiments पर चोट कर रही है। मैं यहां पर यह कहना चाहूंगा कि जो वोट बैंक की politics है, यह वोट बैंक की politics कांग्रेस पार्टी से शुरू हुई थी। मैं यह क्यों कह रहा हूं? लगभग पचास साल से इस वोट बैंक में किस तरह से पिछड़े वर्ग, मुस्लिम, क्रिश्चियन का वोट ये अख्तियार करेंगे, ये हमेशा से इसके पीछे लगे हुए थे। बाद में जनसंघ आया। जनसंघ हिंदू वोट बटोरने के लिए चला। यह बाद में बीजेपी कहलाया। बीजेपी ने यहां पर हिंदू वोट को consolidate करने के लिए काम शुरू किया। आज हम लोगों ने देश को दो हिस्सों में बाँट दिया है। महोदय, मैं यहाँ पर यह कहना चाहूँगा कि जब कभी कोई communal issue होता है, तब उसमें गरीब तबके के लोग सबसे ज्यादा sufferer रहते हैं। इस लिब्रहान कमीशन की रिपोर्ट के हिसाब से लगभग 3,000 से ज्यादा गरीब तबके के लोग इसमें suffer हुए थे। हमें यह समझना चाहिए कि हिन्दुस्तान में कभी भी कोई issue होता है, तो उसमें गरीब तबके के लोगों को बहुत suffer होना पड़ता है। मैं इस सदन में एक बात कहना चाहूँगा कि जिस वक्त मंडल कमीशन लागू हो रहा था, उस समय हमारे दिवंगत नेता, स्वर्गीय बीजू पटनायक, उन्होंने यह कहा था कि गरीब आदमी की कोई जात-पात नहीं होती, अगर उसको कोई अलग करता है, तो धनी आदमी करता है। धनी आदमी गरीब आदमी को अलग करता है। अगर वह दो वक्त कमाता है, तभी वह अपने घर और बच्चों की देखरेख कर सकता है।

सर, मैं यहाँ पर इतना ही कहूँगा कि हमारे नेता सबसे secular नेता थे। बीजू पटनायक, जिनके बारे में कहा जाता है कि उड़ीसा को बनाने में उनका सबसे बड़ा हाथ था, आज मैं आपके सम्मुख उन्हीं की बात रख रहा हूँ। मैं यह कहना चाहूँगा कि आज यहाँ पर जितने भी, चाहे इस तरफ से हों या उस तरफ से हों, जितने मंतव्य इस सदन में रखे गए हैं, यह सिर्फ हिन्दुस्तान को दिखाने के लिए, जनता को लुभाने के लिए और gallery को आकर्षित करने के लिए ये लोग यहाँ पर अपना मंतव्य रख रहे हैं। मैं यही कहना चाहूँगा कि इस issue की शुरुआत कहाँ से हुई? अगर आज हम कहते हैं कि इसमें बीजेपी दोषी है, तो यह नहीं चलेगा। पेड़ का बीज किसने रखा था? स्वर्गीय राजीव गाँधी ने हिन्दू वोट को हथियाने के लिए उस मन्दिर का ताला खुलवाने की जो कोशिश की, उन्होंने वहाँ जो शिलान्यास किया था, यह बीज वहाँ पर रखा गया था। उस दिन से इन सभी के दिल में यह भाव उपजा, जिसके कारण कांग्रेस के इस काम से बीजेपी वाले चाहे कि वे भी हिन्दू वोट को अपनी तरफ खींच कर लाएँ। उसके बाद ही बीजेपी वालों ने अपना कार्यक्रम शुरू किया, जिसके लिए बीजेपी के साथ-साथ कांग्रेस सबसे ज्यादा जिम्मेदार है। सर, मैं यहाँ कहूँगा कि कोई गरीब आदमी राम मन्दिर से रोटी नहीं पाएगा, किसी गरीब आदमी को बाबरी मस्जिद से रोटी नहीं मिलेगी। रोटी मिलेगी, अगर वह शान्ति से कमाएगा, खाएगा। शान्ति से रहेगा, तभी उसको दो वक्त की रोटी मिलेगी। इसलिए किसी गरीब आदमी, आम हिन्दुस्तानी को कहीं पर न मन्दिर से मतलब है, न मस्जिद से मतलब है। हम लोग जितने भी सदस्य इस सदन में बैठे हैं, हम सभी को यह समझना चाहिए कि हमारे देश का जो गरीब तबका है, अगर हम उस गरीब तबके के लिए कुछ सोचते हैं, तो हमारे सदन में उन गरीब तबकों के लिए बात की जाए, न कि मन्दिर-मस्जिद की बात करके हम अपने समय की बर्बादी करें।

सर, मैं यह भी कहना चाहूँगा कि मेरे कुछ साथियों ने यहाँ मुस्लिमों के ऊपर बहुत सारी तकरीर की और कुछ लोगों ने मुस्लिमों के पक्ष में भी बात की। मुस्लिम sentiments हो सकते हैं, इसमें कोई बात नहीं है। हमारे हिन्दुस्तान के 20 करोड़ मुसलमानों की नुमाइंदगी करने वाले उनके बारे में बोलेंगे, लेकिन यहाँ पर जो ज्यादा तबका हिन्दू है, उनको भी समझ में रख कर, आने वाले कल के हिन्दुस्तान का निर्माण करना जरूरी है। इसलिए अगर हम सब मिल-जुल कर रहेंगे, तभी यह होगा। **(समय की घंटी)** सर, मैं यहाँ इतना कहना चाहूँगा कि धर्म से किसी का ...(व्यवधान)...

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन) : समाप्त कीजिए।

श्री किशोर कुमार मोहन्ती : सर, एक मिनट।

सर, यह जो धर्म की लड़ाई है, इसको कोई कानून नहीं रोक सकता। अगर political will power न हो, अगर राजनीतिक इच्छाशक्ति कमजोर हो, तो इस लड़ाई को हिन्दुस्तान में कोई रोक नहीं सकेगा। इसलिए मैं यह कहना चाहता हूँ कि आज जो लिब्रहान कमीशन की रिपोर्ट आई है, इस रिपोर्ट में ऐसा कुछ नहीं रखा गया है कि दोषी को दोषी करार दिया गया हो। इसी कारण मैं यह चाहूंगा कि इस कमीशन की रिपोर्ट में जो वाजपेई जी का नाम आया, यह नाम यहां नहीं होना चाहिए था। बाकी जो भी हो, चाहे उस समय सत्ता में रह रहे लोग हों, चाहे वह प्रधान मंत्री हों, चाहे स्वर्गीय नरसिम्हा राव जी हों, चाहे उस समय के होम मिनिस्टर हों या फिर जो भी कसूरवार हैं, उन सभी का नाम इसमें रहना चाहिए था, जिनके लिए आज इस कमीशन पर यहां इतनी चर्चा हो रही है।

मैं आपको इतना ही कहूंगा कि जितने भी कमीशन्स होते हैं, उनका टाइम फ्रेम सेट किया जाए। अगर रिपोर्ट 17 साल बाद आएगी, तो कैसे चलेगा? इतने समय में तो एक नया पैदा हुआ बच्चा जवान हो जाता है और वोट देने के लायक हो जाता है, एक मिडल-एज आदमी बूढ़ा हो कर मर जाता है। इसमें भी कई आदमी ऐसे हैं, जो गुजर गए। उसके बाद अगर रिपोर्ट आती है, तो यह गलत है। अगर उसको 48 बार एक्सटेंशन दी जाएगी और उसमें से एक आदमी की भी वहां पर कोई जरूरत नहीं होगी ...(व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री पी.जे. कुरियन): ठीक है, बस हो गया।

श्री किशोर कुमार मोहन्ती: तब यह गलत चीज़ है। मैं यही चाहूंगा कि जो 3000 आदमी ...(व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री पी.जे. कुरियन): ओके, बस-बस, हो गया।

श्री किशोर कुमार मोहन्ती: जो 3000 आदमी इसमें गुजरे हैं, जिनका घर बर्बाद हुआ है, जिनके बच्चे अनाथ हुए हैं, उन 3000 आदमियों के लिए इस लिब्रहान कमीशन ने कुछ नहीं कहा, यह सबसे अधिक दुर्भाग्यपूर्ण बात है। मैं यह चाहूंगा कि वे जो 3000 आदमी इस बाबरी मस्जिद के कारण सारे हिन्दुस्तान में मरे हैं, जिनके बच्चे अनाथ हुए, जिनका घर लुट गया, जिनके घर जला दिए गए अथवा जिनकी सम्पत्ति जला दी गई, सरकार उनको अवश्य ही मुआवज़ा देने का प्रयास करे। धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Shri Sultan Ahmed. Only five minutes, please.

पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुल्तान अहमद): वाइस चेयरमैन सर, पिछले चार दिनों से लोक सभा और उसके बाद राज्य सभा में लिब्रहान कमीशन की रिपोर्ट पर चर्चा हो रही है, मैंने लोक सभा में भी अपने दोस्तों की बातें को सुना है और राज्य सभा में भी मैं दो दिन से यहां बैठ करके सुन रहा हूं। हमारे मैम्बरान, खुसूसी तौर पर अरुण जेटली जी ने ...(व्यवधान)

DR. (SHRIMATI) NAJMA A. HEPTULLA (Rajasthan): Sir, I have a Point of Order. I am seeking information. He is not a Member of this House. Is he intervening on behalf of a Member, because he is not speaking here as a Member? He is intervening.

SHRI SULTAN AHMED: Yes, I am intervening. *(Interruptions)* मेरी पार्टी है यह ..(व्यवधान)

डा. (श्रीमती) नजमा ए. हेपतुल्ला: पार्टी से कुछ नहीं होता ...(व्यवधान) सर, यह पार्टी से नहीं होता है ...(व्यवधान) A Member of the Rajya Sabha can speak but as...*(Interruptions)*...

PROF. SAIF-UD-DIN SOZ: There is nothing wrong...*(Interruptions)*...

DR. (SHRIMATI) NAJMA A. HEPTULLA: Sir, a Minister, whether he is from the Lok Sabha or Rajya Sabha, can intervene. Now, in which capacity is he speaking?

PROF. SAIF-UD-DIN SOZ: He is intervening. *(Interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Please, let me clarify. He is a Minister, and, therefore, whether he is a Member of this House or that House, he can speak. *(Interruptions)* Mr. Kapil Sibal is in the other House.

DR. (SHRIMATI) NAJMA A. HEPTULLA: Sir, Mr. Kapil Sibal intervened in the debate on behalf of the Government. *(Interruptions)* He should admit that he is intervening. Sir, it is a matter of procedure. I am only asking...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): What difference does it make? *(Interruptions)* His party is represented...*(Interruptions)*...

SHRI SULTAN AHMED: I said that I am intervening.

PROF. SAIF-UD-DIN SOZ: He has made it clear that he is intervening. *(Interruptions)*

SHRI SULTAN AHMED: I am intervening and I have said so. *(Interruptions)*

PROF. SAIF-UD-DIN SOZ: He said it three times.

DR. (SHRIMATI) NAJMA A. HEPTULLA: Sir, I am not objecting; I am only asking about the procedure. That is all.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Madam, I cannot argue with you; you were in this Chair for 17 years; I do not wish to quarrel with you. But, the position is that his party is represented here by two Members. His party has a right to speak.

SHRI S.S. AHLUWALIA: He cannot, Sir. No, no. *(Interruptions)* There cannot be a substitute from Lok Sabha. *(Interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): No, I am not saying that. Please, let me complete. *(Interruptions)* I am on my legs. *(Interruptions)* No. I am not allowing anybody to..*(Interruptions)*..

SHRI S.S. AHLUWALIA: He can intervene. *(Interruptions)* He should say that. That is the point here. *(Interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Mr. Ahluwalia, I am on my legs. Will you not allow me to speak? *(Interruptions)*

DR. (SHRIMATI) NAJMA A. HEPTULLA: Sir, we only wanted some clarification. *(Interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Mr. Ahluwalia, I have only spoken one sentence and that was a general statement. Let me complete. I said, "his party has two Members here. I didn't say 'he'; I said, 'his party' has a right to speak". The Minister has every right to intervene and the Chair cannot question that right. *(Interruptions)*

THE MINISTER OF NEW AND RENEWABLE ENERGY (DR. FAROOQ ABDULLAH): What is the point of all this? He has made it clear that he is intervening. *(Interruptions)*

DR. (SHRIMATI) NAJMA A. HEPTULLA: Sir, nobody is objecting to his intervening. If he intervenes, even as a Member of his Party, he can do that. But he should admit that he is intervening. *...(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): I told you. *...(Interruptions)...*

SHRI S.S. AHLUWALIA: I want your ruling. *..(Interruptions)..*

PROF. SAIF-UD-DIN SOZ: Under what rule? First of all, you quote the rule *...(Interruptions)..*

SHRI S.S. AHLUWALIA: Listen to me. *..(Interruptions)..* You will understand the rule. Don't ask me. *..(Interruptions)..* The Chair is here to ask me. *..(Interruptions)..* Sir, as per the time allotment, as per the system in the Rajya Sabha Secretariat, eight hours are allotted *..(Interruptions)..* As per the strength of Members, the time is allotted. Now, as I see this, if eight hours are allotted for a discussion, there is a separate time allotted for the Minister. Here a Minister means a person who is piloting the subject or who is intervening the subject, that is included. If he is a Member of this House and a Minister also, he is a Member of this House. If he is from the other House, then for eight hours' discussion, the Minister gets 30 minutes. Shri Kapil Sibal, the Member of Lok Sabha and a Minister, has already spoken for one hour. Now, you want another Minister to speak who is a Member of Lok Sabha. *..(Interruptions)..* I am submitting this. Once for all, if you give a ruling, give it for the future also. The point is very simple. How much time the concerned Minister, Mr. Chidambaram, who is the Home Minister and who is going to give response to the eight hours' debate, will get? *...(Interruptions)...* Should I believe that the Members who are representing in the Council of Ministers in this UPA Government are not competent to defend their case in this House? You need some Members from the Lok Sabha to defend their case. When your time is already finished, how can you make it like this? *..(Interruptions)..*

[MR. DEPUTY CHAIRMAN in the Chair.]

DR. (SHRIMATI) NAJMA A. HEPTULLA: How many Ministers are going to intervene? *..(Interruptions)..*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: If the Minister is speaking, it is only intervention.

SHRI S.S. AHLUWALIA: Sir, in eight hours' discussion, thirty minutes are allotted to Minister. *..(Interruptions)..*

डा0 फारूख अब्दुल्ला : उनको 5 मिनट दे दीजिए। ...(व्यवधान)...

SHRI S.S. AHLUWALIA: I am not against Sultan Ahmed. Sultan Ahmed is my class friend. *..(Interruptions)..* We have studied together. We have studied together in Calcutta University and we are the product of the same student movement. I have no personal grouse against Sultan Ahmed. You made this system that for eight hours' discussion, half-an-hour is for Minister. Then you have fielded Shri Kapil Sibal for one hour and now you want Sultan Ahmed to speak. *..(Interruptions)..* He may plead his case better than the others, but he will get only

seven minutes. If we go by the rule, Mr. Chidambaram should not get even a minute. ...*(Interruptions)*... That is my point. You must give the ruling. ...*(Interruptions)*... You must give the ruling.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He is a Minister and any Minister can intervene. ..*(Interruptions)*.. Let me finish. ..*(Interruptions)*.. Let me complete. ..*(Interruptions)*..

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: Sir, we don't want to prolong this. ..*(Interruptions)*.. The point is: If this is a ruling, then tomorrow 68 Ministers can come and say that they are intervening. ..*(Interruptions)*..

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Naiduji, I am not giving any ruling. I am only saying ..*(Interruptions)*..

श्री कमाल अख्तर: सर, ...(व्यवधान)... ऐसा है कि जो यहाँ के मैम्बर्स हैं, उनको तो दो-दो मिनट दिया जाएगा ...(व्यवधान)... कि दो मिनट बोलिए और एक असत्य को सत्य बनाने के लिए लोक सभा से मिनिस्टर को लाया जाएगा कि एक घंटा बोलिए ...(व्यवधान)... इसका क्या मतलब है? ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति : देखिए, अगर उन्होंने अपनी बात कही है तो अपनी पार्टी के टाइम में कही है। ..(व्यवधान)

श्री एस.एस. अहलुवालिया: वे अपनी पार्टी से तो बोल ही नहीं सकते। He is not Member of this House. He is sitting here as a Minister.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, you are talking about the time.

SHRI S.S. AHLUWALIA: You cannot make a substitute of Rajya Sabha Member with a Lok Sabha Member. He gets this priority only because he is a Minister. He can intervene. That is all.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: This is not the first time that...*(Interruptions)*.

SHRI S.S. AHLUWALIA: No Sir, this is the first time.

श्री उपसभापति : उन्होंने अपनी पार्टी के टाइम में से बोला है। ..(व्यवधान)

श्री एस.एस. अहलुवालिया : सर, आप मेरे सवाल का जवाब दे दें। मैं राज्य सभा का मैम्बर हूँ और अगर मैं लोक सभा में घुस जाऊं तो 500 रुपये का फाइन है। कल अगर भारतीय जनता पार्टी के लोक सभा के सांसद यह बोलें कि एस.एस. अहलुवालिया मेरे यहाँ आकर बोलें तो क्या मैं 500 रुपये फाइन देकर बोल सकता हूँ? मैं नहीं बोल सकता, because Minister is entitled to enter into this House, although he is not a Member of this House...*(Interruptions)*.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: They are *ex officio* Members of this House; not voting Members. ...(व्यवधान).. आप देख लीजिए। ..(व्यवधान)

SHRI S.S. AHLUWALIA: They cannot participate in the voting in this House. If there is a Division, they have to go out. *(Interruptions)*.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You see, I am not talking about precedence. ..(व्यवधान).. देखिए, आप मेरे से अच्छा जानते हैं। ..(व्यवधान)

श्री एस.एस. अहलुवालिया : सर, आप भविष्य के लिए सोचिए। ..(व्यवधान)

श्री उपसभापति : सोचेंगे। ..(व्यवधान).. अब क्या करें, बोलिए।..(व्यवधान)

श्री एस.एस. अहलुवालिया : ठीक है सर।

श्री सुल्तान अहमद : थैंक यू, सर। पिछले दो दिनों से राज्य सभा में..(व्यवधान)

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Sultan Ahmed, the reply is at 5.30. So, you can take five minutes and then we will have the reply.

श्री सुल्तान अहमद : 17 सालों से लिब्रहान कमीशन ..(व्यवधान)

श्री कमाल अख्तर : सर, आप मुझे क्यों नहीं बोलने दे रहे हैं? ..(व्यवधान)

श्री उपसभापति : नहीं, आपका नम्बर नहीं है। ..(व्यवधान)

श्री कमाल अख्तर : आप जान-बूझकर मेरे साथ अन्याय कर रहे हैं। ..(व्यवधान)

श्री उपसभापति : देखिए, जरा सुनिए आप। ..(व्यवधान)

श्री कमाल अख्तर : सर, ऐसा है कि यह बाबरी मस्जिद का मामला मुसलमानों से जुड़ा है..(व्यवधान)

श्री उपसभापति : देखिए, यह ठीक नहीं है।..(व्यवधान)..यह मुसलमान-हिन्दू का सवाल नहीं है, आप जाइए।..(व्यवधान)

श्री भुवनेश्वर कालिता (असम) : आप ऐसे नहीं बोल सकते, यह हाउस का रूल नहीं है। ..(व्यवधान)

श्री उपसभापति : आपकी पार्टी का समय..(व्यवधान).. पार्टी का कुछ discipline है कि नहीं? ..(व्यवधान)..देखिए, मैं यहाँ आपको जवाब देने के लिए नहीं हूँ..(व्यवधान)..सबसे पहले तो यह कि आप रूल्स ब्रेक कर यहाँ पर आ गए हैं..(व्यवधान).. मैं आपसे बात नहीं करूंगा, आप यहाँ से जाइए। ..(व्यवधान).. मैं आपको नियमों के तहत debar कर सकता हूँ, क्योंकि आपने बहुत बड़ी बात कही है। ..(व्यवधान).. आपने बहुत बड़ी बात कही है।

SHRIMATI VIPLOVE THAKUR (Himachal Pradesh): How can he reach there? आप मैम्बर हैं और चेयर को insult कर रहे हैं!

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I am sorry, this attitude of the Member has to be noted. I warn the Member. We will have to take action.

श्री कमाल अख्तर : फिर मुझे यहाँ पर रहने का क्या मतलब है? ..(व्यवधान)

श्री उपसभापति : आप रहिए या नहीं रहिए, उससे मेरा concern नहीं है। ..(व्यवधान).. I ask the hon. House if the House approves this behaviour.

SOME HON. MEMBERS: No, Sir.

SHRI S.S. AHLUWALIA: No, Sir, we are not approving.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: If Chair is not respected, why should I be here? This is not the way, and I appeal, if anybody defends this, the Chair will not be able to work. I am not against giving him time. But, this is not the attitude of seeking the time.

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: Sir, we have almost completed the debate.

श्री उपसभापति : क्या हमको यह अच्छा लगता है? If any Member comes and threatens us, the whole world is seeing. Is this the way of a Member to behave? Should we not condemn him?

SHRIMATI VIPLOVE THAKUR: He should apologise.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: See, I respect the hon. Member. I wanted to give time, but this

is not the way, coming and threatening the Chair. Coming here and threatening the Chair is not the way.

श्री कमाल अख्तर : सर, मैंने आपको कोई धमकी नहीं दी है।

श्री उपसभापति : आप बात मत कीजिए। यहां आना ही धमकी है।

श्री कमाल अख्तर : मैं अपना विरोध दर्ज करा रहा था और मैं अब भी अपना विरोध दर्ज करा रहा हूं। यह इतना अहं मुद्दा है और बार-बार ...(व्यवधान)..

श्री उपसभापति : मैं आपको कौन सी ज़बान में बोलूं, मेरी समझ में नहीं आ रहा है। ..(व्यवधान)..

श्री रुद्रनारायण पाणि : मेरे नाम से .-.(व्यवधान)..

श्री सुल्तान अहमद : डिप्टी चेयरमैन साहब, लिब्रहान कमीशन ..(व्यवधान)..

श्री वीरेन्द्र भाटिया : सर, नोटिस में इनका नाम है, जिसपर डिबेट हो रही है। ..(व्यवधान).. कमाल अख्तर का नाम उस लिस्ट में है, जिस पर डिबेट हो रही है along with अमर सिंह जी। अगर इनको एक-दो मिनट मिल जाएंगे, because he is a signatory to the Notice. Kamal Akhtar's case can be distinguished from other cases.

श्री उपसभापति : देखिए, BAC टाइम एलोकेट करती है, BAC पार्टीज़ को सब टाइम एलोकेट करती है, on the basis of the strength of the Party. आपकी पार्टी को दिया गया था ...(व्यवधान)...

श्री वीरेन्द्र भाटिया : वह ठीक है, मैं चैलेंज नहीं कर रहा, वह ठीक है।

श्री उपसभापति : दूसरी पार्टियों ने भी नाम दिए थे, जब उनसे कहा गया कि उनकी पार्टी का समय नहीं बचा है, वे खामोश हो गए।

SHRI VIRENDRA BHATIA: No, no. I am thankful to you कि आपने हम लोगों को वक्त दिया, extra वक्त दिया, लेकिन वे चूंकि बोलना चाहते हैं ..(व्यवधान)..

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Each Party has... ...*(Interruptions)*....

श्री वीरेन्द्र भाटिया : वे चूंकि बोलना चाहते हैं and he is a signatory to the notice. *(Interruptions)*

श्री सुल्तान अहमद : सर, लिब्रहान कमीशन पर दो दिनों से चर्चा चल रही है। लिब्रहान कमीशन की रिपोर्ट का श्री अरुण जेटली साहब ने अच्छे तरीके से पोस्टमार्टम किया है। 17 साल एक बड़ी मुद्दत होती है। लेकिन, 6 दिसम्बर, 1992 के दूसरे या तीसरे दिन यहां पर राम भक्त और बाबर की औलाद के बारे में बातें हो रही थीं तो कुछ राम भक्तों ने 6 दिसम्बर की घटना की निन्दा करते हुए अपने कलम तोड़ दिए। मैं दो-चार references देना चाहता हूं। श्री केवल वर्मा, बहुत बड़े जर्नलिस्ट गुजरे हैं, 7 दिसम्बर को घ्दि टेलिग्राफङ में वे लिखते हैं - It was the same poison which spread and produced Nathuram Godse, the killer of Gandhi. The same poison today produced the * who destroyed the Babri Masjid at Ayodhya. No, no, they cannot escape from responsibility. If they are gentlemen, they should retire from public life but they will not. They are a bunch of * the Supreme Court, the Parliament and the nation. *(Interruptions)*

श्री एस0एस0 अहलुवालिया : कहां से पढ़ रहे हैं? ..(व्यवधान).. कहां से पढ़ रहे हैं?

SHRI SULTAN AHMED: Sir, it is from *The Telegraph* of 7th December, by Kewal Verma. *(Interruptions)*

श्री एस0एस0 अहलुवालिया : सर, अखबार पढ़कर क्या ये रिमार्क्स कर सकते हैं? ..(व्यवधान)..

*Expunged as ordered by the Chair.

SHRI SULTAN AHMED: I am quoting. *(Interruptions)* I will produce it.

श्री एम0 वेंकैया नायडु : 1992 के बाद इनकी नेता हमारी मंत्री थीं ...(व्यवधान)... मिलकर सरकार चलाई। ...(व्यवधान)...

SHRI SULTAN AHMED: On record, I will produce it. *(Interruptions)*

श्री उपसभापति : आप खत्म कीजिए। ...(व्यवधान)...

श्री सुल्तान अहमद : सर, आज यहां ...(व्यवधान)... आज यहां ..(व्यवधान)..

श्री उपसभापति : सुल्तान साहब, आप ...(व्यवधान)...

SHRI SULTAN AHMED: I have the records. I am quoting. *(Interruptions)* How are you saying? *(Interruptions)*

श्री एस0एस0 अहलुवालिया : क्या बात करते हो? ...(व्यवधान)... सत्ता की भूख ने मंत्री बनाया आपको। ..(व्यवधान)..

SHRI SULTAN AHMED: I have documents with me. *(Interruptions)* I have documents with me.

श्री एस0एस0 अहलुवालिया : यह आप ममता जी से पूछो ..(व्यवधान).. ममता जी से पूछो ..(व्यवधान).. वे उस समय मंत्री थीं। ..(व्यवधान)..

SHRI SULTAN AHMED: Sir, I am quoting. *(Interruptions)* Sir, if this nation has any feeling left in it, Ayodhya should... ...*(Interruptions)*.... which Gandhi*ji* did. The whole nation had been rallying under the banner of secularism. *(Interruptions)* I am quoting. *(Interruptions)*

श्री उपसभापति : सुल्तान साहब, आप इंटरवीन कीजिए, पढ़ना छोड़िए। ..(व्यवधान)..

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: Sir, so many things are written here and there, will you quote it in the House? *(Interruptions)* This is a problem, Sir. *(Interruptions)*

SHRI S.S. AHLUWALIA: Sir, is he intervening on behalf of the Government? *(Interruptions)* What is the stand of the Government? *(Interruptions)*

SHRI SULTAN AHMED: Surinder, one second. *(Interruptions)*

श्री उपसभापति : सुल्तान साहब, ..(व्यवधान)..

श्री एस0एस0 अहलुवालिया : ममता से पूछो। ..(व्यवधान)..

SHRI SULTAN AHMED: Surinder, one second. You are my old friend, one second. उस शख्स के गम का कोई अंदाजा लगाए ..(व्यवधान).. One second. Don't take it otherwise. *(Interruptions)*

श्री उपसभापति : आप खत्म करिए। ..(व्यवधान)..

श्री सुल्तान अहमद : उपसभापति जी, मैं यह कहना चाहता हूं कि -

> "उस शख़्स के गम का कोई अंदाज़ा लगाए,
> जिसको कभी रोते हुए देखा नहीं किसी ने।"

6 दिसंबर को पूरी दुनिया रो रही थी, हमारा देश रो रहा था। आज कल्याण सिंह को शाबाशी दी जाती है ... **(व्यवधान)** आपने देखा कि इन 17 सालों में भारतवर्ष की जनता ने उन्हें सत्ता से निकाल दिया ... **(व्यवधान)** वे 4 साल, 13 महीने तक सत्ता में रहे, लेकिन हुआ यह कि -

"न खुदा ही मिला, न विसाले सनम,
न इधर के रहे, न उधर के रहे।"

श्री उपसभापति : सुल्तान अहमद जी, अब आप समाप्त कीजिए।

श्री सुल्तान अहमद : कल अरुण जेटली साहब, सेंट्रल हॉल में मोहम्मद युनुस साहब की तकरीर सुन रहे थे, गरीबी दूर करने की बात हो रही थी, पूरे साउथ एशिया में इंडिया लीडरशिप दे, इसकी बात हो रही थी .... **(व्यवधान)** आज मुल्क की सभ्यता, मुल्क की संस्कृति को छोड़कर ... **(व्यवधान)** मुल्क की एकता, मुल्क की अखंडता को ताक पर रखकर हम सीना तानकर कह रहे हैं कि हमने मस्जिद को तोड़ा है ....(व्यवधान) शर्म आनी चाहिए, आज पूरा देश आपको कह रहा है कि आपने बाबरी मस्जिद को तोड़ा है ...(व्यवधान) यह शर्म की बात है .... **(व्यवधान)** देश को आगे ले जाने की सोचिए। आज देश की नौजवान पीढ़ी, देश को आगे ले जाना चाहती है। आज देश एक नया सपना देख रहा है ....(व्यवधान)

श्री उपसभापति : सुल्तान अहमद साहब, अब आप समाप्त कीजिए ....(व्यवधान)

श्री सुल्तान अहमद : कभी बोलते हैं कि हमने मस्जिद को तोड़ा है, कभी कहते हैं कि मंदिर को तोड़ा है। आज जरूरी है कि जो कोर्ट केसेज़ चल रहे हैं - चाहे सिविल केस हो, चाहे क्रिमिनल केस हो, तमाम केसेज़ का फैसला जल्द से जल्द होना चाहिए। जो लोग जिम्मेदार हैं, जो लोग मुजरिम हैं, उन्हें सज़ा मिलनी चाहिए। पूरी दुनिया देख ले कि ़हिंदुस्तान में सेक्यूलरिज्म, डेमोक्रेसी का कानून बड़ा है, व्यक्ति बड़ा नहीं है, कोई धर्म बड़ा नहीं है।

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: Sir, because he is a Minister representing a party, the Chair has given permission to him. He was really worried. We still tolerated him. जैसे बिल्ली सौ चूहे खाकर हज की यात्रा के लिए गई, इस तरह ये पांच-छह साल हमारे साथ रहकर, सत्ता भोगकर दूसरी ट्रेन में बैठ गए हैं और आज इनको चिंता हो रही है, यह बेकार की बात है ...(व्यवधान) यह अच्छी बात नहीं है ...(व्यवधान)

श्री कमाल अख्तर : उपसभापति जी, सबसे पहले मैं अपने आचरण के लिए आपसे माफी मांगता हूं। इस देश में जो हुआ, जिस कमीशन की रिपोर्ट पर यह डिस्कशन हो रहा है, वह उससे जुड़ी भावना थी, जिसको मैं रोक नहीं पाया। अभी दो दिनों से लोक सभा में बहस हो रही थी, उसके बाद यहां राज्य सभा में बहस हुई, जेटली जी ने, कपिल सिब्बल साहब ने और दूसरे लोगों ने तफसील से इस पर चर्चा की है। मुझे ऐसा महसूस हुआ कि एक सच को किसी तरह से घुमा-फिराकर बिल्कुल सही साबित करने का प्रयास दोनों तरफ से हुआ। मैं यह कहना चाहता हूं कि उस समय जो लोग जिंदा थे और जो आज जिंदा हैं, वे जानते हैं कि लिब्रहान कमीशन ने 17 साल के अंदर जो लिखा है कि कौन लोग दोषी थे, यह बात इस हिंदुस्तान का हर हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई जानता है कि किन लोगों ने उसे तोड़ा।

उपसभापति जी, 17 साल के बाद जो रिपोर्ट आई, बाबरी मस्जिद के demolition की रिपोर्ट तो आ गई, उस रिपोर्ट के आने के बाद मैं यह पूछना चाहता हूं कि बाबरी मस्जिद की शहादत के बाद इस देश के अंदर जो दंगे हुए, उनमें जो हजारों लोग मारे गए, उनमें हिंदू भी थे, मुसलमान भी थे, क्या उनमें से किसी के परिवार को कोई मुआवज़ा मिला? क्या कमीशन ने उसकी जांच की? हजारों बहनें बेवा हो गईं, बच्चे यतीम हो गए और लोग बर्बाद हो गए। आज तक उन लोगों का पुनर्वास नहीं हुआ है। अभी मैं List of Business के अंदर पढ़ रहा था, उसके अंदर लिखा हुआ था कि आज सिख दंगे के ऊपर Calling Attention के तहत चर्चा होगी। मुझे बहुत

खुशी हुई कि उस समय जिन लोगों के साथ ज्यादती हुई थी, उन्हें आज न्याय मिलेगा। लेकिन 17 साल के बाद भी उन दो हजार लोगों के कातिलों को यहां न्याय मिलने की बात नहीं हो रही है। जहां तक Action Taken Report की बात है, तो उसमें यह बताया ही नहीं गया है कि जुर्म हुआ भी है। सब मानते हैं कि जुर्म हुआ है, बाबरी मस्जिद शहीद हुई और हिन्दुस्तान का संविधान टूटा, लेकिन मैं पूछना चाहता हूँ कि उसकी सजा क्या है? किस आदमी को उसकी सजा मिली? सर, मुसलमानों में मानते हैं कि अल्लाह की लाठी में, ऊपर वाले की लाठी में आवाज नहीं होती है, जो सजा देते हैं। उस तरह से मानते हैं कि जिस आदमी ने दुनिया के अंदर बुरा किया है, तो उसके साथ बुरा होता है। याद कीजिए कि एक आदमी ने कहा था कि बाबदी मस्जिद की जगह पाखाना-पेशाब घर बना दिया जाए। अल्लाह ने उन्हें वह दिन लाकर दिखाया कि एक वक्त उसे पाखाना और पेशाब करने के लिए दूसरे का सहारा लेना पड़ता था। याद कीजिए कि प्रधान मंत्री, कांग्रेस पार्टी अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती है। मैं पूछना चाहता हूँ कि अगर वहां पर अर्द्धसैनिक बल भेज दिए जाते, तो बाबरी मस्जिद बचाई जा सकती थी, जैसे मुलायम सिंह यादव जी ने बचा कर दिखाई थी। मैं कहना चाहता हूँ कि मुंबई के अंदर टेररिस्ट अटैक होता है, तो हमारे देश के जवान किस तरह से उन टेररिस्टों को मारने का काम करते हैं, उन्हें हेलीकॉप्टर से भेजा जाता है। दिल्ली से फैजाबाद 55 मिनट के अंदर flying की जा सकती थी, लखनऊ कैन्ट से और बरेली कैन्ट से बहुत कम समय में जाया जा सकता था, लेकिन जो तत्काल राज्यपाल थे, उन्होंने कहा था कि अयोध्या के अंदर शांति है और नरसिम्हा राव चाहते थे, पूरी कांग्रेस पार्टी चाहती थी कि भारतीय जनता और उनकी जुगलबंदी से बाबरी मस्जिद शहीद हो। इस तरह से बाबरी मस्जिद शहीद हुई। मैं कहना चाहता हूँ कि जिन लोगों ने जाकर बाबरी मस्जिद को शहीद किया, उनका अंजाम यह हुआ, मुझे कहना नहीं चाहिए, कि वे दुनिया से चले गए और लोगों ने जाकर उनकी चिता जलाई, लेकिन बाद में लोगों ने बताया कि एक लाश को कुत्ते खींच रहे हैं। **(समय की घंटी)** लोगों ने फिर जाकर लाश को दुबारा जलाया। यह इंसाफ था। इंदिरा गांधी के कातिलों को फांसी हुई और राजीव गांधी के कातिलों को फांसी हुई, तो मैं पूछना चाहता हूँ कि इस देश के अंदर मेरठ का दंगा, मुरादाबाद का दंगा, मुंबई का दंगा और बाबरी मस्जिद के बाद हुए हजारों लोगों के कातिल में से अगर एक भी आदमी को आप लोगों ने फांसी दी है, तो आप लोग इंसाफ कर रहे हैं। जिस तरह से इस देश के मुसलमानों को गुमराह करने के लिए कांग्रेस पार्टी ने हमेशा कमीशन बनाए हैं। मैं दावे के साथ कह सकता हूँ कि इस कमीशन की भी हालत वही होगी। अगर इस देश में बाबरी मस्जिद को शहीद करने वाले को सजा मिलती, तो इस रिपोर्ट का इस टेबुल पर होने का फायदा था, नहीं तो मैं समझता हूँ कि जिस तरह से झूठ को सच करने के लिए लोक सभा के अंदर मिनिस्टर साहब ने बयान दिया, आज भी यहां बयान दिया जाएगा। अयोध्या में एक मस्जिद शहीद नहीं हुई थी, अयोध्या के अंदर दसों मस्जिद शहीद हुईं और हजारों लोग मारे गए। अगर उनके कातिलों को सजा नहीं मिलेगी, तो यह देश, इस देश का संविधान और इस देश के लोग आपको कभी माफ नहीं करेंगे। शुक्रिया।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Ahluwaliaji, a Minister has a right to attend both the Houses and participate in the proceedings, but he cannot vote in the House of which he is not a Member. In other words, a Minister who is a Member of one House has a right to speak in the other House, to take part in the proceedings of that House, but has no right to vote.

SHRI S.S. AHLUWALIA: Sir, I raised a point. *(Interruptions)* Sir, I never said that the Minister cannot come here. He has full right to answer Questions.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It says, “participate in the proceedings”.

SHRI S.S. AHLUWALIA: Sir, ‘proceedings’ mean what?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: What is going on is proceedings. *(Interruptions)* I only brought this to your knowledge. *(Interruptions)*

SHRI S.S. AHLUWALIA: Sir, Shri Madhu Dandavate was the Railway Minister. I opposed him because that was a private affair of Rajya Sabha. He was forced to withdraw from the House. *(Interruptions)*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I also said the same thing. *(Interruptions)*

SHRI S.S. AHLUWALIA: Sir, I know what you are reading. My point was, in eight hours' discussion, only 30 minutes are slated for the Minister; rest of the time is allotted to the Members. That was my point.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Mr. Home Minister.

SHRI P. CHIDAMBARAM: Mr. Deputy Chairman, Sir, I take my friend Mr. Ahluwalia's warning that I should not take more than 30 minutes! I will try to be brief and leave at that.

Sir, I am grateful to the Leader of the Opposition, and if my count is right, 28 speakers who have participated in this debate. In a sense, I am replying to two debates - one in the Lok Sabha and one in the Rajya Sabha! But much of what I would have liked to say has been said by my colleagues, especially Mr. Abhishek Manu Singhvi and Mr. Kapil Sibal. Along with my good friend, the Leader of the Opposition, we are all, today, non-practising lawyers, and non-practising lawyers do not miss their opportunity to test their skills in advocacy! And, I think, point has been met by counter-point; argument has been met by argument! An alleged loophole has been met by marshalling the evidence that has been produced before Justice Liberhan. So, I won't take time recounting all that. I would have wished to say had I been the sole speaker on the side of the Government.

The Liberhan Commission understood the scope of its inquiry. He said, and I quote:

"I have not been called upon and, therefore, do not wish to comment upon whether the structures, as they exist in Ayodhya on the 6th of December, 1992, constituted a Hindu temple or a Muslim mosque or any other type of structure."

Therefore, when the Leader of the Opposition, towards the end of his speech, attempted to retrace the history of this place and the construction that was there, whether it was a temple or a mosque or mosque on the remains of a temple, those are matters, I think, we should reserve for the title suit. I hope, his Party will continue to repose confidence in the most articulate member of Gen Next and not relegate him to Gen Past. The title suit is the place to address those arguments. The title suit is the place to decide. That is a court case. We are not here deciding the title suit. The issues before the Commission were clear, and I will read the issues and the findings in a moment. But, still, in one sentence, the issue was who demolished the structure? You can call it Ram Janambhoomi, Babri Masjid structure, disputed structure. These are ways

of describing, and each one will describe in the way that is most acceptable to him. The short point is: who demolished what stood there on the 6th of December, 1992? Before I answer that question, based on Liberhan,—I am not writing a report; I did not hold the inquiry; none of us did—based on the evidence placed before Justice Liberhan, I hope, I will be able to answer that question not only to the Members of this House but also to the very large audience that is witnessing the proceedings, directly now, or, perhaps, later in the evening, or tomorrow morning, through newspapers. There is an audience out there, judging us every moment; every word that is said here is being judged by the people of this country. My friend Kapil Sibal has already brought to the notice of this House the letters written by the then Home Minister to the then Chief Minister on 3rd December, 1992, a second letter on 3rd of December, 1992, and the final letter on the 5th of December, 1992. These letters were written in the context of what Mr. Kalyan Singh said to the National Integration Council on the 2nd of November, 1991.

I think, it is very important to read that portion of the statement and I read and quote:

> "As regards the disputed structure, I want to make it clear that I assure you the entire responsibility of the protection of the disputed structure is ours. We would be vigilant about the disputed structure. We have strengthened the arrangements for its protection. Nobody will be allowed to go there. No incident would be allowed to be repeated when three persons climbed on the top of the dome. I want to convey this assurance to you through this Council. It is our clear submission regarding the Court that we will abide by the order given by the Court. We don't want to do anything by violating this order."

A number of promises are contained in that, "we will not allow anyone to go there; we will protect the structure; we will strengthen the security measures; we will not allow the repetition of the three people climbing on the dome"; and finally "the entire responsibility of the protection of the disputed structure is ours". Now, whoever else believed this assurance, one respected gentleman believed this assurance. He is my good friend, Shri Arun Jaitley. He believed this assurance, went before the Supreme Court and stated his client's case. He was appearing for the Government of Uttar Pradesh. The Court recorded what Shri. Kalyan Singh said before the NIC and then said, "We shall take it, and Shri Jaitley has no objection to our doing so, that the State of Uttar Pradesh remains bound by what has been stated in this paragraph and this shall be the obligation of the State of Uttar Pradesh to stand by our orders of today". Which quirk of fate tied the fate of Shri Kalyan Singh with Shri Arun Jaitley, I don't know. But an assurance was given to the NIC and it was repeated before the Supreme Court. Shri Arun Jaitley, on behalf of the Government headed by Shri Kalyan Singh, repeated that assurance and this was recorded by the Supreme Court.

6.00 P.M.

Now, let us shift to Ayodhya and near Ayodhya.

SHRI ARUN JAITLEY: The Home Minister correctly states the order. I am sorry. I have a bad throat.

SHRI P. CHIDAMBARAM: I am sorry. I believe you have a bad throat.

SHRI ARUN JAITLEY: Please clarify. This is on 15th November, 1991 in relation to the Parikrama.

SHRI P. CHIDAMBARAM: I said so. The promise was made on 2nd November, 1991 about the whole construction that nobody will be allowed to climb on the dome. The dome is not the Parikrama. The dome is the structure.

SHRI ARUN JAITLEY: It was with regard to 2.77 acres of land.

SHRI P. CHIDAMBARAM: The dome is the only structure.

SHRI ARUN JAITLEY: It is with regard to the 2.77 acres of land in 1991 for pilgrim facilities at Parikrama. This was not related to 6th December, 1992. Please clarify this.

SHRI P. CHIDAMBARAM: No. I am coming to 6th December. Please let me read that promise again. It reads, "As regards the disputed structure". Now, what is the disputed structure? It is what is called "Ram Janmabhoomi-Babri Masjid structure". It reads, "As regards the disputed structure I want to make it clear that I assure you that the entire responsibility of the protection of the disputed structure is ours". Which is the structure? Then, it says, "No incident will be allowed to be repeated when three persons climbed on the top of the dome". Which is the dome? This is only with regard to the structure which was brought down on 6th December. The 2nd November, 1991 is what is recorded on 15th November, 1991 by the Supreme Court when Shri Arun Jaitley represented the Government of Uttar Pradesh. I am only stating the facts. I am not drawing any inference; I am not making any insinuation; I am not alleging any infraction. I am only stating the facts.

Now, let us move to Ayodhya. When we go to Ayodhya, we must understand the forces that were behind this "movement". Justice Liberhan comes to the conclusion that there was no movement. But I don't wish to get into a quarrel over words. The finding is that in this family of organisations which directed the "movement", the single largest and most important constituent was the RSS. That is the finding. I read that finding. It says, "There cannot be any dispute that the RSS is a single major largest important constituent of the Sangh Parivar. It is also accepted that the Bajrang Dal is the Youth Wing of the VHP and the Dharam Sansad and the Kendriya Marg Darshak Mandal sponsored by the VHP, were portrayed as independent bodies. Similarly, Paramhans Ramchander Dass and others accepted that all the members of the Sangh Parivar contested elections on the BJP ticket and became legislators of the BJP. *(Interruptions)*. Just a minute. One can debate this. On the basis of evidence before him,

Justice Liberhan has said, "Members belonging to various organisations of the Sangh Parivar contested elections here and there, Assembly, Parliament on the BJP ticket. When they became legislators, they became legislators of the BJP. But the single important constituent of the Sangh Parivar is the RSS."

Then what happened on the 5th of December and what happened on the 6th of December has been described in great detail by my friend, Shri Kapil Sibal. I shall not repeat it. On the 5th of December, Shri Vajpayee was there. But he returned to Delhi. Shri Advani, Shri Joshi and others reached Ayodhya on the night of 5th of December. The Commissioner, the DIG, Faizabad, the District Magistrate and the SSP, Faizabad called upon them and Shri Advani and Shri Joshi assured the four officers that a peaceful Karseva will be carried out and they will ensure that things happen peacefully. The next morning, there was a meeting at the residence of Shri Vinay Katiyar, which was attended by Shri Advani, Shri Joshi, Shri Ashok Singhal, Acharya Giriraj Kishore, Uma Bharti, Sadhivi Ritambra and others. There is nothing on record to... *(Interruptions)*. Sir, I am reading the Report. I can read the Report. This is not an allegation. I am reading from the Report.

श्री विनय कटियार : आप भी ठीक कह रहे हैं रिपोर्ट पढ़ करके।......(व्यवधान)

SHRI P. CHIDAMBARAM: You cannot do that. This is not an allegation I am making against you.

श्री विनय कटियार : लेकिन मैं दर्ज करना चाहता हूं कि मेरे घर कोई मीटिंग नहीं हुई।......(व्यवधान)

SHRI P. CHIDAMBARAM: This way the Report cannot be read in this House. Everybody whose name is mentioned in the Report will stand up and say I have a right to reply. The Report cannot be read then. Let us trash the Report and discuss only that one. *(Interruptions)*. This is what the Report says. If you think the Report is wrong, there are remedies for you elsewhere. We are debating the Report. I am entitled to read from the Report. It is Paragraph 44.11. This is end of the matter. This is not an allegation that the Home Minister is making against you. The Home Minister, on behalf of the Government, is reading a Paragraph of the Report which is the property of the House. I am entitled to read it.

श्री विनय कटियार : मैं गृह मंत्री जी को जानकारी दे रहा हूं......(व्यवधान)

SHRI P. CHIDAMBARAM: Sorry. It does not matter. *(Interruptions)*.

श्री विनय कटियार : मैं केवल गृह मंत्री जी को जानकारी दे रहा हूं कि मेरे घर पर कोई मीटिंग नहीं हुई और उस समय तक आडवाणी जी.......(व्यवधान)

SHRI P. CHIDAMBARAM: Does not matter. You are not giving evidence here. *(Interruptions)*.

श्री उपसभापति : आप बैठिए।

SHRI P. CHIDAMBARAM: You are not giving evidence here. Sir, he is not giving evidence in this House.

श्री विनय कटियार : आडवाणी जी 5 को पहुंचे नहीं हैं......(व्यवधान)

SHRI P. CHIDAMBARAM: He is not giving evidence in this House. If he wanted to give evidence, there were other places for giving evidence. You are not giving evidence in this House. This House is not recording your evidence.

श्री विनय कटियार : तो मैं दूसरी जगह साक्ष्य क्या दूंगा। साक्ष्य मुझे अदालत में भी देना है.......(व्यवधान)

SHRI P. CHIDAMBARAM: If it is galat, go and challenge elsewhere.

श्री विनय कटियार : आप गुस्से में मत आइए। अगर यह गलत है तो मैं सही जानकारी दर्ज कराना चाहता हूं। आपको इस पर गुस्सा नहीं करना चाहिए।

SHRI P. CHIDAMBARAM: If it is galat, go and challenge elsewhere. This is not the place to challenge it.

श्री उपसभापति : वे आपके ऊपर एलीगेशन नहीं कर रहे हैं। बैठिए, उनको पढ़ने दीजिए।......(व्यवधान)

SHRI P. CHIDAMBARAM: I am not getting angry. All I am pointing out is if there is anything in the Report by which you are aggrieved, this is not the place to show your grievance. I am merely reading from the Report. If I quote the Report wrongly, you are absolutely right. If I quote it accurately, I am entitled to quote it. There is nothing on record to indicate whether it was a formal meeting or otherwise. Sir, I ask, most respectfully, if this is a finding, one must challenge its finding. Nobody challenged this finding. Nobody questioned it. *(Interruptions)*. Just a minute. Listen to me. You have not read most of the Report. Listen to me, at least. There is voluminous evidence of 100 witnesses - Government witnesses, Commission witnesses, defence witnesses. Someone should have taken those 100 witnesses' testimony and pointed out that this conclusion is based on no evidence. Someone should have pointed out that this conclusion is contradicted by some other evidence. This is the finding. And as long as this finding is not challenged by any one, I am entitled to ask what happened on the morning of 6th of December, 1992. There has been no answer to that. I asked it in the Lok Sabha, and I ask it here respectfully. What happened on the morning of 6th of December, 1992? Was anything said, was anything decided, was nothing said? We know the venue, we don't know the menu, and we don't know what was spoken there. Shortly after this, the leaders moved forward to the place where the *kar sewa* was supposed to take place, and then, what happened at 12 o'clock, at 12.15, at 2 o'clock, at 3 o'clock, at 4 o'clock, have all been described by my friend, Mr. Kapil Sibal. Paragrapha 126.3, "Paramhans Ramchandra Das admitted in a statement and affirmed that provocative slogans were raised on the 6th of December." I shall not repeat the slogans, the well-known slogans, the slogans which saddened every one, slogans which will continue to sadden anyone today, if these slogans are repeated. "He admitted in a statement and affirmed that provocative slogans were raised. There is sufficient and believable evidence in the record, including the statement of Ram Kirpal and Mark Tully. The provocative speeches were delivered by a, b, c, d, e, f, g, h, i, j, etc. Recording of these speeches were freely made available and used to be played in most of the shops. *Kar Sewaks* were drawing pleasure in making the

